चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 86, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 20 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दिल्ली हिंसा: चार दिन के रिमांड पर 'मास्टरमाइंड'

### आतिशी का आरोप- भाजपा से जुड़ा है अंसार

### दिल्ली पुलिस का कहना है कि सोनू हिंसा का मास्टर माइंड है और शोभायात्रा पर फायरिंग का आरोप







**नई दिल्ली:** जहांगीरपुरी हिंसा के आरोपी सोनू इमाम उर्फ यूनुस को रोहिणी कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे चार दिन की रिमांड पर भेज दिया। दिल्ली पुलिस का कहना है कि सोनू हिंसा का मास्टर माइंड है और शोभायात्रा पर फायरिंग का आरोप है।

**आतिशी बोलीं- भाजपा से जुड़ा है अंसार:** जहांगीरपुरी हिंसा को लेकर आप और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का खेल जारी है। आप नेता आतिशी ने कहा कि जहांगीरपुरी दंगों का मुख्य आरोपी अंसार भाजपा का नेता है। उसने भाजपा की प्रत्याशी संगीता बजाज को चुनाव लड़वाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी और भाजपा में सक्रिय भूमिका निभाता है। इससे साफ होता है कि भाजपा ने ही दंगे करवाए। भाजपा दिल्ली वालों से माफी मांगे। भाजपा गुंडों और लफंगों की पार्टी है।

**पीएफआई के एंगल से भी होगी जांच:** जहांगीरपुरी हिंसा की जांच में दिल्ली पुलिस जुटी हुई है। इस बीच स्पेशल पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि हिंसा की जांच पीपल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के एंगल से भी होगी।

### पहले से थी दंगे की साजिश

दिल्ली पुलिस को जो सीसीटीवी फुटेज मिला है, उसमें देखा जा रहा है कि कुछ लोग हमले के लिए लाठियां इकट्ठे कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस का कहना है कि शोभायात्रा के दौरान दंगे की साजिश पहले से थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने इसे साजिश के तहत जांच कर रही है।

**आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज**

वहीं, हनुमान जन्मोत्सव पर बिना अनुमति के जुलूस निकालने वाले आयोजकों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल दिल्ली प्रांत, मुखर्जी नगर जिला झंडेवाला के आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आयोजकों ने पुलिस से शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं ली थी। विश्व हिंदू परिषद के जिला सेवा प्रमुख प्रेम शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही आरोपी असलम और अंसार की दो दिन की पुलिस कस्टडी भी बढ़ा दी गई है।

**पुलिस ने इलाके को सेक्टर में बांटा**

पुलिस को बदमाशों और संदिग्धों के घर पहुंचने पर भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। अब दिल्ली पुलिस ने जहांगीरपुरी कुशल चौक सी ब्लॉक बी ब्लॉक सहित आसपास के पूरे इलाके को सेक्टर में बांट दिया है। इन सेक्टरों में जगह-जगह फोर्स तैनात की गई है।

हांलांकि, उन्होंने जांच की जानकारी देने से इनकार किया है। कहा कि पीएफआई के एंगल से भी जांच की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में हथियार के साथ दिख रहे सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**शोभायात्रा का मुख्य आयोजक सुकेन सरकार समेत पांच गिरफ्तार:** बिना अनुमति के शोभायात्रा निकालने वाले आयोजकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। दिल्ली पुलिस ने शोभायात्रा निकालने वाले एक ही परिवार के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें शोभायात्रा का मुख्य आयोजक सुकेन सरकार, उसका भाई सुरेश सरकार, दो बेटे नीरज और सूरज के अलावा सुकेन का पड़ोसी सुजीत शामिल है। सुकेन सरकार ही यात्रा के लिए रथ तैयार कराया था।

**अमित शाह ने कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश:** इस हिंसा को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शाह ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो मिसाल बने। जिससे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उधर, आरोपी सोनू उर्फ यूनुस के पास से एक अत्याधुनिक पिस्टल बरामद हुई है। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने घटना के दौरान कुशाल चौक के पास अपनी पिस्टल से फायरिंग की थी।

**दिल्ली दंगों से जुड़ा है यह बवाल**

जहांगीरपुरी हिंसा पर एक और बड़ा खुलासा हुआ है। जहांगीरपुरी में जिस कुशल चौक, सी-ब्लाक में शोभा यात्रा पर पथराव के बाद हिंसा हुई थी, उस कुशल चौक का 2020 में हुए दिल्ली दंगों का कनेक्शन है। कुशल चौक से करीब सात बसों में भरकर बांग्लादेशी महिलाएं, बच्चों व पुरुषों को शाहीन बाग प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ले जाया गया था। दंगा करने के लिए लोग कुशल चौक से गए थे। दिल्ली पुलिस की जांच में ये बात सामने आई है कि असलम को फायरिंग करने के लिए बदमाश गुल्ली ने भड़काया था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात प्रवास के दूसरे दिन जामनगर में जाम साहेब शत्रुशालासिंह से मुलाकात कर पुरानी यादों का ताजा किया। जाम साहब शत्रुशालासिंह जी से मेरी भेंट हुई, उनसे बड़े भाई के रूप में मुझे सदैव स्नेह प्राप्त हुआ है। पुराने किस्से सुनाने का मौका मिला।

## कांग्रेस में पीके के रोल पर फैसला जल्द

**नई दिल्ली:** सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ में साढ़े 4 घंटे से कांग्रेस के बड़े नेताओं की बैठक चली। मीटिंग में प्रशांत किशोर भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस में प्रशांत किशोर की भूमिका पर सोनिया गांधी ही फाइनल फैसला करेंगी। पार्टी नेताओं ने पीके को लेकर अपनी राय बता दी है। वहीं मीटिंग के बीच खबर आ रही है कि 14-16 मई को कांग्रेस राजस्थान के उदयपुर में चिंतन शिविर का आयोजन करेगी।

**10 जनपथ पर कांग्रेस नेताओं संग पीके की तीसरी बैठक**

4 दिन में तीसरी बार प्रशांत किशोर और कांग्रेस की टॉप लीडरशिप के बीच बैठक हो रही है।

## यूपी: धार्मिक जुलूस के लिए इजाजत जरूरी

### लाउडस्पीकर की आवाज धर्मस्थल से बाहर न जाए



**लखनऊ:** दिल्ली में हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा के दौरान हुए उपद्रव के बाद योगी सरकार अलर्ट मोड में है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए योगी सरकार ने अफसरों के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके मुताबिक 4 मई तक सारे अफसरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। जो अवकाश पर हैं उन्हें 24 घंटे के अंदर ऑफिस जॉइन करने को कहा गया है।

**थानाध्यक्ष से लेकर एडीजी तक धर्मगुरुओं से संवाद बनाएं:** सोमवार को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी मंडलों के मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, एडीडी जोन, आईजी और डीआईजी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व-त्योहार हैं। रमजान का महीना चल रहा है। ईद का त्योहार और अक्षय तृतीया एक ही दिन होना संभावित है। ऐसे में वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। सीएम का आदेश है कि थानाध्यक्ष से लेकर एडीजी तक अगले 24 घंटे के भीतर अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं और समाज के अन्य सम्मानित लोगों के साथ संवाद बनाएं। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। ड्रोन का उपयोग कर स्थिति पर नजर रखें। हर दिन शाम को पुलिस-बल फुट-पेट्रोलिंग जरूर करे।

**बिना अनुमति के नहीं निकलेगी शोभा यात्रा:** सीएम ने कहा कि धार्मिक विचारधारा के अनुसार सभी को अपनी उपासना पद्धति को मानने की स्वतंत्रता है। माइक का प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन यह सुनिश्चित हो कि उसकी आवाज परिसर से बाहर न आए। अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। धार्मिक कार्यों के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल हो सकता है। नए स्थलों पर माइक न लगाए जाएं।

## एलओसी पर फिर सक्रिय हुए आतंकी लॉन्च पैड



**श्रीनगर:** कश्मीर घाटी में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर स्थित लॉन्च पैड्स पर इस समय तेज गतिविधियां हो रही हैं और यहां 60 से 80 आतंकवादी मौजूद हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि माना जा रहा है कि ये अफगानिस्तान से लौटे आतंकी हैं। इन्हें यहां प्रशिक्षण दिया जा रहा है और गर्मियों के महीनों में घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि पाकिस्तान को इन आतंकियों को भारत में भेजने से पहले कई बार सोचना होगा क्योंकि इस्लामाबाद अभी भी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में है। अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान की ईमानदारी का अंदाजा तभी लगाया जा सकता है जब यह आतंकी ढांचे को खत्म कर दे।

**बीते समय में कुछ ऐसे रहे हैं इन लॉन्च पैड्स पर हालात:** अधिकारियों ने कहा कि 2019 में भारतीय सेना की सख्ती के बाद पाकिस्तान इन लॉन्च पैड्स से दूर रहा। इसके बाद वे कुछ समय के लिए फिर उभरे और बाद में फिर से गायब हो गए। लेकिन, खुफिया सूचना और फील्ड इकाइयों की निगरानी के अनुसार पिछले साल अगस्त से फिर से सक्रिय हुए इन लॉन्च पैड्स पर 60 से 80 आतंकवादी मौजूद हैं। जानकारी के अनुसार ये आतंकी अफगानिस्तान में युद्ध से लौटे पाकिस्तानी आतंकी हो सकते हैं। अधिकारियों ने आगे बताया कि एलओसी पर पिछले साल से युद्ध विराम चल रहा है

और पाकिस्तानी सेना ने 2019 में पीछे हटने के बाद इस समय का इस्तेमाल अपनी स्थिति को मजबूत बनाने में किया है। उसने यहां लगभग 8000 टन रक्षा सामग्री एकत्र कर ली है।

## विवादों में इलैयाराजा की किताब

### मोदी और अंबेडकर की तुलना पर कांग्रेस-डीएमके का विरोध; नड्डा बोले- सबको विचार रखने का हक

**तमिलनाडु:** तमिलनाडु के संगीतकार इलैयाराजा की किताब अंबेडकर एंड मोदी पर बवाल हो गया है। दरअसल, इलैयाराजा ने अपनी किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना डॉ. बीआर अंबेडकर से की है। इस पर डीएमके और कांग्रेस उनके खिलाफ हो गए हैं। हालांकि, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इलैयाराजा का बचाव किया है। नड्डा ने कहा कि तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोग भारत के सबसे बड़े संगीतकारों में से एक को अपमानित कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि उनके विचार एक राजनीतिक दल के लिए सही नहीं हैं। नड्डा ने पूछा, 'क्या यही लोकतंत्र है? हर किसी के अपने विचार हो सकते हैं, इस पर उनका अपमान क्यों करना?





**सभी की अपनी-अपनी सोच: नड्डा**-नड्डा ने इस दौरान ऑस्कर विजेता संगीतकार ए आर रहमान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में ए आर रहमान ने अमित शाह के हिंदी को एकीकृत भाषा के रूप में बोले जाने के बयान पर प्रतिक्रिया दी थी। रहमान ने कहा था कि तमिल को देश में लिंक भाषा होना चाहिए। इस पर उनकी प्रशंसा की जा रही है। नड्डा ने कहा कि दोनों ही संगीतकारों की अपनी-अपनी सोच है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 78 साल के इलैयाराजा को दुनिया भर में उनके संगीत के लिए कई नामों से जाना जाता है, जैसे कि 'उस्ताद,' इसाइगनी' (संगीत के संत), लेकिन इन नामों ने उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल होने से नहीं बचाया।

**कार्ति बोले- दोनों की तुलना अनुचित:** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने ट्वीट किया, 'यह तुलना पूरी तरह से अनुचित है, क्योंकि मोदी की तुलना उस विद्वान के साथ की गई है, जिन्होंने हमारे संविधान को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'

**इलैयाराजा का बयान वापस लेने से इनकार:** इलैयाराजा के छोटे भाई गंगाई अमरान ने बताया कि वे प्रधानमंत्री मोदी पर की गई ।

## कोरोना के साथ जीना होगा, मरीज बढ़े तो उठाए जाएंगे जरूरी कदम : सिसोदिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हमें कोरोना के साथ जीना सीखना होगा। सावधानी बरतते हुए आगे बढ़ना होगा। सिसोदिया ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी राजधानी में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। राज्य सरकार इस मुद्दे पर नजर बनाए हुए है।

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के स्कूलों में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

## बनास डेयरी की पहल से सशक्त होंगे किसान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा: मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के दियोदर में बनास डेयरी संकुल में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद कहा कि बनास डेयरी की पहल से किसान सशक्त होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रति वर्ष 8.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के दूध का उत्पादन करता है और इस मामले में वह विश्व में प्रथम स्थान पर है। भारत में प्रति वर्ष उत्पादित गेहूं और चावल का कारोबार भी दूध के मुकाबले 8.5 लाख करोड़ रुपये तक नहीं पहुंचता है। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र का सबसे बड़ा लाभ हमारे छोटे किसानों को है। 'कचरा से कंचन' अभियान की जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यहां एक बायो-सीएनजी प्लांट का



लोकार्पण किया गया है और 4 गोबर गैस प्लांट्स का शिलान्यास हुआ है। ऐसे अनेक प्लांट्स बनास डेयरी देशभर में लगाने जा रही है। ये कचरे से कंचन के सरकार के अभियान को मदद करने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में गांव की अर्थव्यवस्था और माताओं-बहनों के सशक्तिकरण को कैसे बल दिया जा सकता है, सहकारी आंदोलन कैसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को ताकत दे सकता है, ये सबकुछ यहां प्रत्यक्ष अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बनास डेयरी संकुल, पनीर और मट्ठा प्लांट, ये सभी तो डेयरी सेक्टर के विस्तार में अहम हैं ही, बनास डेयरी ने ये भी सिद्ध किया है कि स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के लिए दूसरे संसाधनों का भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गोबर-धन के माध्यम से एक साथ कई लक्ष्य हासिल हो रहे हैं। एक तो इससे गांवों में स्वच्छता को बल मिल रहा है, दूसरा, इससे पशुपालकों को गोबर का भी पैसा मिल रहा है। तीसरा, गोबर से बायो-सीएनजी और बिजली जैसे उत्पाद तैयार हो रहे हैं। चौथा, इस पूरी प्रक्रिया में जो जैविक खाद मिलती है, उससे किसानों को बहुत मदद मिल रही है।

## नौकरियों में लौटी बहार: मार्च में भर्तियां छह फीसदी बढ़ीं

**नई दिल्ली:** एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में कमी आने के बाद आर्थिक गतिविधियों में अच्छा सुधार आया है। इसके साथ ही जॉब मार्केट भी गुलजार दिखाई दे रहा है। यहां बता दें कि विभिन्न कंपनियों ने अपनी हायरिंग में बढ़ा दी है और मार्च महीने में साल-दर-साल के हिसाब से नौकरी देने की दर में छह फीसदी का इजाफा हुआ है।

**13 शहरों में ई-भर्ती का डाटा जुटाया:** मॉन्स्टर एम्प्लॉयमेंट इंडेक्स (एमईआई) ने 13 शहरों में कंपनियों द्वारा की गई भर्ती के आंकड़ों को जांचा और अपनी रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट में ऑनलाइन भर्ती गतिविधियों को ट्रैक किया गया और एक साल पहले के स्तर से तुलना करने पर इसमें छह फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच बता दें कि इन



13 शहरों में शामिल सभी महानगरों ने वार्षिक आधार पर नौकरी देने की दर में दोहरे अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**मुंबई में सबसे ज्यादा रोजगार मिला:** रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियों में होने वाली भर्तियों के मामले में मुंबई पहले स्थान पर काबिज है, यहां मार्च में हायरिंग की दर 21 फीसदी ज्यादा रही। यानी मुंबई सबसे बड़ा रोजगार बाजार बनकर उभरा। इसके बाद कोयंबटूर 20 फीसदी वृद्धि के साथ दूसरे और चेन्नई व हैदराबाद 16 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ तीसरे नंबर पर आता है।

**दिल्ली-एनसीआर में इतनी बढ़ोतरी:** इस रिपोर्ट में देखें तो बेंगलुरु में ऑनलाइन भर्ती गतिविधियां 15 प्रतिशत ज्सादा दर्ज की गईं। वहीं कोलकाता और दिल्ली-एनसीआर में ये बढ़ोतरी 13-13 फीसदी की रही। इसके बाद पुणे का नंबर आता है, जहां 12 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसके अलावा दूसरे बड़े शहरों में भी कंपनियों के द्वारा भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई गई है।

**इन क्षेत्रों में ज्यादा मिला रोजगार:** मार्च 2022 के आंकड़ों के अनुसार, भर्ती की ज्यादा मांग बैंकिंग/वित्तीय सेवाओं और बीमा कंपनियों में देखने को मिली।

## वायु सेना 50 और 'रुद्र' अटैक हेलीकॉप्टर

### गोलियां बरसाने के अलावा एंटी टैंक मिसाइल भी दाग सकते हैं हल्के हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली:** सेना के 'रुद्र' अटैक हल्के हेलीकॉप्टर के प्रदर्शन ने वायु सेना को काफी प्रभावित किया है। इसलिए अब भारतीय वायु सेना भी हिमालय और पश्चिमी मोर्चे पर उच्च ऊंचाई वाले मिशनों के लिए 50 और रुद्र अटैक हेलीकॉप्टर खरीदेगी। रुद्र अटैक हेलीकॉप्टर दुश्मनों पर गोलियां बरसाने के अलावा एंटी टैंक मिसाइल भी दाग सकता है। इसमें एयर टू एयर मिसाइल भी तैनात किए जाने की योजना है, जो दुश्मन के किसी एरियल टारगेट जैसे ड्रोन और हेलीकॉप्टर को हवा में भी मार कर



गिरा देगा। भारतीय सेना का रुद्र अटैक हेलीकॉप्टर ध्रुव ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर का उन्नत संस्करण है, जिसे भारत में ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बनाया है। वर्तमान में भारतीय सेना 75 से अधिक रुद्र अटैक हेलीकॉप्टर का संचालन कर रही है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल से गायब मासूम बच्ची जीटी रोड के पास मिली

**प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल की लापरवाही हुई उजागर**

**झूंसी।** क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने ग?ई एक मासूम बच्ची बैग लेकर सैकड़ों मीटर दूर जीटी रोड के पास पहुंच जाती है और विद्यालय कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं लगती। घंटों बाद पसीने से लथपथ मासूम बच्ची एक बैंककर्मी के पास मिली तो परिजनों ने राहत की सांस ली। विद्यालय की इस लापरवाही पर परिजनो में खासी नाराजगी रही। मंगलवार को संगम विहार हवेलिया निवासी शिक्षक मनोज कुमार मौर्य की मासूम बेटी पूजा लोअर केजी में पढ़ने के लिए स्कूल आई थी, यहां से वह कब विद्यालय परिसर के बाहर निकल गई किसी को पता नहीं चला। स्कूल बंद होने के बाद पूजा जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। वे प्रिंसिपल से फोन पर बच्ची के बारे में पूछा तो वह कुछ बता न सके। स्कूल में बच्ची को न पाकर हैरान परिजन आसपास खोजबीन करने लगे। 2 बजे के करीब जीटी रोड के पास एक बैंक के सामने कड़ी धूप में पसीने से लथपथ पूजा रोती हुई दिखी तो बैंक कर्मी उसे अपने साथ अंदर ले गया। बैंक कर्मी ने ही पूजा की डायरी में लिखे नंबर पर फोन कर पूजा के बारे मे सूचना दी। पिता मनोज के पहुंचते ही पूजा सीने से लिपट कर रोने लगी।



फूलपुर इंस्पेक्टर अमित कुमार राय के साथ घटना स्थल पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़

# बिस्तर पर मिली दादी की लाश तो फंदे पर झूलता मिला पोता

**नौ पन्ने के मिले सुसाइड नोट में मृतक ने पत्नी पर लगाया अवैध संबंधों का आरोप, एक ही घर में हुई दो मौतों से मचा कोहराम**

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के ढोकरी गांव में दादी व पोते की लाश मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वही पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर मिले 9 पन्ने का सुसाइड नोट घरेलू कलह की ओर इंगित करता है। फूलपुर थाना क्षेत्र के ढोकरी गांव निवासी अरविंद मौर्य 37 की शादी सोरांव थाना क्षेत्र के देवापुर गांव में सुनीता से हुई थी। अरविंद की पत्नी कुछ दिन पहले मायके गई तो अरविंद मौर्य अपनी 80 वर्षीय दादी ललिता के साथ ही घर में रह रहा था। ग्रामीणों ने बताया की मंगलवार को अरविंद का दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने आवाज दी परन्तु दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से देखा गया तो सबके होश उड़ गए। अरविंद का शव फांसी पर लटक रहा था। दो मौतों की खबर पाते ही फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे एसएसपी अजय कुमार, एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल व एसपी क्राईम सतीश चन्द्र ने छानबीन शुरू की तो मौके पर अरविंद के पास नौ पेज का सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने अपनी पत्नी के अवैध संबंधों का जिक्र किया है। पुलिस ने बताया कि अरविंद ने सुसाइड नोट में अपनी पत्नी के प्रेमी और ससुराल वालों पर उत्पीड़न का भी आरोप लगाया है। जिसपर पुलिस ने उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। अरविंद की दादी ललिता देवी की मौत पर पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक अरविंद के दो बच्चे पवन व सोनाली हैं जो अपनी मां के साथ ही ननिहाल में थे।

पीएम रिपोर्ट व सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस तफ्तीश कर रही है। मामले का अतिशीघ्र खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**अजय कुमार-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज।**

# विभिन्न गतिविधियों के संचालन में इफको रिक्रिएशन क्लब का कार्य सराहनीय : संजय कुदेशिया

**अखंड भारत संदेश**

**इफको रिक्रिएशन क्लब के नवीनीकृत तरणताल का हुआ उद्घाटन**

**फूलपुर।** शिक्षा के साथ-साथ हमें अन्य गतिविधियों पर भी समय निकाल कर प्रतिदिन अभ्यास करने चाहिए। तन मन व अच्छे स्वास्थ्य के लिए तैराकी विधा में भी लोग परांगत हो। कोरोना काल से बंद पड़े इफको रिक्रिएशन क्लब के तरणताल के पुनः उद्घाटन कर उपस्थित क्लब के सदस्यों व बच्चों को संबोधित करते हुए इफको इकाई प्रमुख व कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने सोमवार शाम को कहीं। उन्होंने कहा कि इफको अपने अंतः वासियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहा है। रिक्रिएशन क्लब उनके सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके बच्चों को संगीत, तैराकी सहित अनेक शिक्षाप्रद योजनाएं भी संचालित कर रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ इकाई प्रमुख ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के बाद नवीनीकृत तरणताल का फीता काटकर उद्घाटन किया। स्वागत में रिक्रिएशन क्लब के बच्चों ने गणेश वंदना व वेस्टर्न ग्रुप डांस कर सबका मन मोह लिया। अंत में इकाई प्रमुख ने प्रतिभागी छात्रों व बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर रिक्रिएशन क्लब के नामित अध्यक्ष गिरधर मिश्रा, सचिव डीके शुक्ला, इफको ऑफीसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको एम्पलाइज एसोसिएशन के महामंत्री विनय यादव, उपाध्यक्ष कपिल देव कुमार, संयुक्त सचिव आरआर पात्रा, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार, संयुक्त कोषाध्यक्ष अरूप मुखर्जी, सदस्य डी एच प्रजापति, मानिक चंद्र, कमलेश कुमार पटेल, शालिक राम पटेल सहित इफको के अधिकारी कर्मचारी व महिलाएं उपस्थित रहे।



इफको रिक्रिएशन क्लब स्थिति तरण ताल का उद्घाटन करते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व तैराकी करते हुए प्रफुल्लित बच्चे



विद्यालय में बच्चों को वैक्सीन लगाते स्वास्थ्य कर्मी।

## विद्यालय में बच्चों को लगाया गया वैक्सीन

**सहसों।** क्षेत्र के भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में सरकार द्वारा चलाए जा रहे कोरोना वैक्सीन अभियान के तहत 12 वर्ष और 14 वर्ष के बीच के बच्चों को वैक्सीन दी गई। एएनएम मंजू सिंह की टीम द्वारा बच्चों को जागरुक करते हुए वेक्सीनेशन किया गया। आशा बहू शकुंतला शुक्ला और रंजना तिवारी ने भी मौजूद रह कर सहयोग किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने उपस्थित बच्चों को कोरोना वैक्सीन के महत्व को बताया। इसके लिए बच्चों के अभिभावकों से टेलीफोन पर बात करके कोरोना वैक्सीन के लाभ के बारे में प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चों को जिनकी उम्र 12 से 14 वर्ष के बीच है उनको अविलंब सरकार के इस अभियान में हिस्सेदारी करनी चाहिए और बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिससे देश को कोरोना से मुक्त किया जा सके। बच्चों को मास्क लगाने एवं 2 गज की दूरी बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यापकों ने भी हिस्सा लिया और बच्चों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कुल 24 बच्चों ने कोरोना वैक्सीन लगवाए।



## मध्यरात्रि में सिपाही के साथ कुएं मे उतर गये चौकी इंचार्ज जंघई बछड़े को बाहर निकाला

**जंघई।** सोमवार मध्यरात्रि में भोगीपुर, सेमरी गांव के एक कुएं मे बछड़े के गिरने की सूचना पर पहुंचे जंघई चौकी इंचार्ज डायल 112 के सिपाही के साथ कुएं मे उतर कर ग्रामीणों की मदद से बछड़े को बचा लिया जिसकी चर्चा खूब हो रही है।कुएं में बछड़े के गिरने सूचना सोमवार को रात लगभग 12 बजे डायल 112 पुलिस ने जंघई चौकी इंचार्ज एमडी राजपूत को दी तो वह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा की कोई ग्रामीण कुएं मे नही उतर रहा है तो वह डायल 112 के सिपाही सुरेश सिह के साथ रस्सी के सहारे कुएं मे उतर कर बछड़े को ग्रामीणों की मदद से सकुशल बाहर निकाले। चौकी इंचार्ज व सिपाही की बहादुरी की चर्चा खूब हो रही है। लोगो का कहना की जान जोखिम मे डालकर पुलिस कर्मियों ने आधी रात को बहादुरी का परिचय दिया है। इस सम्बन्ध मे जंघई चौकी इंचार्ज एमडी राजपूत का कहना की सूचना मिली थी की बछड़ा कुएं मे गिरा था मौके पर पहुंच कर सिपाही के साथ कुएं से बछड़े को सकुशल बाहर निकाल लिया गया उन्होने कहा की यह तो पुलिस का काम है पुलिस को लोगो की मदद करनी चाहिए वही हमने किया जो करना चाहिए था।



## स्कूल चलो अभियान के साथ बच्चों ने निकाली नामांकन रैली

**सहसों।** शिक्षा के प्रति जन जागरण स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक नामांकन के लिए गांव-गांव गुरुजनों के साथ बच्चों ने रैली निकालकर लगाया नारा। विकास खण्ड बहरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर व प्राथमिक विद्यालय वजीरपुर द्वारा मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान अधिवक्ता लवलेश मिश्रा ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर ए आर पी आदर्श चतुर्वेदी, प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि दुबे, प्रधानाध्यापक राजकुमार गिरी, कीर्ति पाठक, अंजू मिश्रा, ममता शुक्ला, बृजेश गुप्ता, कृष्ण चन्द्र, चन्द्र लाल आदि लोग रैली में शामिल होकर गांव में जाकर बच्चों का अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। ग्राम प्रधान ने इस मौके पर अभिभावकों का उत्साह वर्धन करते शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इसी तरह कंपोजिट विद्यालय मोहम्मदपुर में भी प्रधानाध्यापक सुरेश गिरी के नेतृत्व में सभी शिक्षक व छात्रों के द्वारा नामांकन बढ़ाने के लिए गांव में रैली निकाल कर अभिभावकों को प्रेरित किया गया।

### ग्राम पंचायत डीहा में छात्रों नें स्कूल चलो अभियान के तहत -निकाली रैली



**करछना।** ग्राम पंचायत डीहा में विद्यालय चलो अभियान के तहत चुप्पेपुर विद्यालय के अध्यापक यासमीन हमीद के नेतृत्व में बडी संख्या में छात्र एवं छात्राओं, अभियान में शामिल रहे हैं इस मौकेपर स्कूल की शिक्षिकाऐ सोनालिका अग्रवाल कमलेश यादव हसीना सिद्दीकी राजेंद्र प्रसाद अभिभावक प्रधान प्रेमचन्द प्रतिनिधि दूधनाथ यादव एवं अभिभावक मिलकर रैली निकाली और अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें ।

### सर्व शिक्षा अभियान के तहत निकाली प्रभात फेरी




**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत सेमरहा उपरहार में उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने गाजे-बाजे के साथ सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गांव के गली मोहल्ले में बैनर तले शिक्षा अभियान के तहत निकाली प्रभात फेरी, इस मौके स्कूल की शिक्षिकाऐ एवं शिक्षक शामिल रहे ।

### मझुआ प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने सर्व शिक्षा अभियान में भाग लिया




**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत मझुआ गाँव में प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने मंगलवार को शिक्षकों की अगुवाई में सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली, इस मौके पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं तथा शिक्षिकाओं नें बढचढ कर भाग लिया।

# करछना गेहूं की 15 बीघा फसल जल कर खाक





**अखंड भारत संदेस**

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत खाई गांव में मंगलवार दोपहर 4 के वक्त अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग जाने से खड़ी व कटी हुई फसल को अपने आगोश में ले लिया। दोपहरी के वक्त तेज हवा होने के कारण दर्जनों किसानों के फसल जलकर राख हो गई। जिसमें अनुराग शर्मा, विकास शर्मा, राजाराम शुक्ला, सीमा तिवारी, शिव बहादुर पटेल, रामधाम पटेल, त्रिवेणी प्रसाद मिश्र, राजेंद्र कुमार, पारसनाथ समेत दर्जनों किसानों की फसल जल गई। सूचना होने पर फायर ब्रिगेड की टीम व ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाते तब तक 15 बीघा से अधिक फसल जलकर राख हो चुकी था । जिसमें सबसे ज्यादा अनुराग शर्मा का नुकसान हुआ है। वही मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने आग से जली सभी किसानों की फसल का आकलन करते हुए लिखा पढ़ी किया। हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। कयास यही लगाया जा रहा है कि किसी अराजक तत्व किस्म के लोगों ने बीड़ी या सिगरेट की चिंगारी से आग लगाई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग दो बीघा फसल जलकर राख

**जसरा।** क्षेत्र के छिड़िया गांव में मंगलवार की दोपहर शार्टसर्किट से गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जानकारी पर पहुँचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। किन्तु तब तक में आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद किसी प्रकार लोगों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक में दो बीघा फसल के साथ दो उपली के कूंदुर जल कर राख हो गई। पीड़ित शिव कुमार, कमल दुबे आदि किसानों ने हुए नुकसान की भारपाई की मांग की है।

## श्री कृष्ण लीला का कथन भागवत कथा : विष्णु धर महराज



**लेडियारी।** कृष्णलीला कनैया अकेले गया है मैया मेरा मन नही लग रहा है जल से निकलने के बाद बलदाऊ ने गले लगा लिया ।उक्त बातें अरुआरी मे छोटे लाल शुक्ल के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक विष्णु धर महाराज ने कही। उन्होंने कहा एक बार आग गई तो आख बन्द कराने को कहा और आख बन्द करने पर बीस के समान आग को पी लिये गोपियां इनके मुख के चरित्र को देखकर मुक्त हो गई। हाथी के वध करने को लेकर व्याखान्त किया गया।श्री कृष्ण गायों को लेकर जिस रास्ते से जाते थें बांसुरी बजाते जातें थे। महाभारत रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंग सुनाये। कथा के मुख्य यजमान छोटेलाल शुक्ल , हौसला प्रसाद शुक्ल, रत्नेश प्रसाद शुक्ल ,पंकज शुक्ला, बुद्धसेन मिश्रा,भुनेश्वर प्रसाद शुक्ल, शिव प्रसाद तिवारी,पंकज शुक्ला ने कथा में आये हुए सभी सज्जनों का आभार व्यक्त करते हुए प्रसाद वितरण कराया।

## न्यूज झरोखा

### आवास विकास कॉलोनी में दूषित जलापूर्ति किए जाने से लोगों में आक्रोश



**झूंसी।** आवास विकास की सभी योजनाओं में लोगो के घरो में लगे नलों से कुछ दिनों से दूषित कीचड़ युक्त पानी आने से आवंटियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। दूषित जलापूर्ति की वजह से लोगों को बोतल का पानी खरीदना पड़ रहा है। कालोनी वासी नगर निगम के जल निगम के द्वारा आपूर्ति किए जा रहे पानी पर ही निर्भर हैं। नहाने धोने के साथ बराबर पीने में भी उपयोग करते है। कई दिनों से बदबू और कीचड़युक्त पानी आपूर्ति किए जाने से लोग परेशान है। योजना दो के निवासी सुमित कुमार मौर्य व शुभ्रांशु सिंह ने अधिशासी अभियंता से 18 अप्रैल को एक शिकायती पत्र देकर जगह-जगह टूटी जलापूर्ति पाइप को ठीक करने तथा शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने की मांग की थी किंतु शिकायत के बाद अभी समस्या का समाधान नही किया गया। डीएस मौर्या ने बताया कि पड़ रही भीषण गर्मी में लोगो को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है और बीमारी का भी खतरा सता रहा है समस्या का समाधान न होने की वजह से जिसकी वजह से लोगों में आक्रोश है।

### श्री श्रीधर सिंह यादव महाविद्यालय में स्मार्ट फोन पाकर छात्रों में खुसी की लहर



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र के गोसौरा कला स्थित महाविद्यालय में छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किया गया है। इसबसे छात्रों में खुशी की लहर व्याप्त है। वितरण के दौरान मुख्य अतिथि ने स्मार्ट फोन से बेहतर पढ़ाई का लाभ उठाने एवम सफलता हासिल करने की बात नही है। मेजा तहसील क्षेत्र के उरुवा ब्लॉक अंतर्गत गोसौरा कला इलाके में संचालित श्री श्री धर सिंह यादव महाविद्यालय में मंगलवार की दोपहर 1 बजे से स्मार्टफोन वितरण मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह यादव द्वारा शुरु कराया गया। यह वितरण शहम 4.20 तक कुल 200 छात्रों को किया गया है। वहीं स्मार्ट फोन पाकर छात्रों में खुशी की लहर व्याप्त है।उक्त वितरण के दौरान बताया गया है कि अनुपस्थिति के कारण जिन छात्रों को स्मार्टफोन का लाभ नहीं मिल सका है। उन छात्रों को परेसान होने की जरूरत नहीं है। सभी छात्रों को स्मार्टफोन मुहैया कराया जाएगा। उधर महाविद्यालय के प्रबंधक महेंद्र सिंह ने छात्रों से कहा कि स्मार्टफोन पढ़ाई के लिए बेहतरीन साधन है। अब छात्र घर बैठे भी ऑन लाइन पढ़ाई कर सकते हैं। इस मौके पर दीपक यादव, राहुल, मनोज यादव, संजय कुमार यादव सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

### बारा पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**बारा।** बारा थाना अध्यक्ष कमलेश कुमार की अगुआई में गन्ने टोल प्लाजा के पास पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान जिसमें दो मोटरसाइकिल का चालान बिना हेलमेट के किया गया तीन मोटरसाइकिल का चालान पेपर की कमी से किया गया थानाध्यक्ष द्वारा लोगों को हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाने की अपील की चेकिंग अभियान में थानाध्यक्ष बारा कमलेश कुमार उप निरीक्षक प्रमोद यादव प्रशिक्षु उपनिरीक्षक विजय पांडे कांस्टेबल मोहित कुमार कांस्टेबल जैकब की मुख्य भूमिका रही

### बारा में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**बारा।** बारा थाना परिसर में एसडीएम बारा सौम्या गुरु रानी क्षेत्राधिकारी बारा विमल किशोर मिश्रा थाना अध्यक्ष बारा कमलेश कुमार की देखरेख में आने वाले ईद एवं अक्षय तृतीया के त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं जनता के साथ बैठकर आने वाले त्यौहार में किसी भी प्रकार की आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए प्रधान एवं ग्रामीणों से चर्चा किया और आने वाले त्यौहार में किसी भी तरह का कोई विवाद ना हो जहां कहीं भी कोई समस्या हो उसको त्यौहार के पहले ही निपटारा करने की बात कही बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान बारा संतोष जायसवाल ग्राम प्रधान धरा बकिपुर मनोज मिश्रा प्रधान छिडी ओपी गुप्ता प्रधान पांडर प्रधान गजा पुर प्रधान नीबी आदि गांव के लोग बैठक में उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को वितरित किया गया पोषाहार



**रत्योंरा।** गर्भवती धात्री महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण एवं विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाने हेतु कोरांव के आधा दर्जन आंगनवाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को पोषाहार का वितरण किया गया। पोषाहार वितरण के दौरान प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी निषाद ने सभी केंद्रों पर पहुंचकर महिलाओं को पोषाहार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश सरकार गर्भवती धात्री महिलाओं एवं बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए पोषाहार का वितरण आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से करा रही है। जहां आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां धात्री गर्भवती एवं बच्चों का चिन्हांअंकन कर उन्हें प्रत्येक महीने पोषाहार का वितरण करती हैं। जिसके सापेक्ष शासन की मंशा है किसी न किसी जनप्रतिनिधि अथवा पार्टी पदाधिकारी की मौजूदगी में पोषाहार का वितरण कराना सुनिश्चित किया जाए। जिसके क्रम में भारतीय जनता पार्टी की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी ने आधा दर्जन आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषाहार का वितरण कराया। जिन आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरित किया गया उनमें आंगनवाड़ी केंद्र बदौर, आंगनवाड़ी केंद्र बभनपट्टी, आंगनवाड़ी केंद्र रतेवरा, आंगनवाड़ी केंद्र करहरा समेत कई अन्य केंद्र शामिल रहे। पोषाहार वितरण के दौरान सुपरवाइजर प्रभात सिंह, आंगनवाडी कार्यकत्री विभा सिंह, सरोज कुमारी, विमला देवी, संगीता यादव, सुपरवाइजर प्रभा सिंह समेत भारी संख्या में लाभार्थी महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

### माइक्रोडोनेशन अभियान : भाजपा प्रतापपुर मंडल की बैठक संपन्न




**प्रतापपुर।** भाजपा प्रतापपुर मंडल, गंगापार में माइक्रोडोनेशन अभियान को लेकर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल शामिल हुए। यह अभियान 6 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा जिसमें गंगापार के सभी 25 मंडल में मंगलवार को यह बैठक संपन्न हुई ।बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी पाण्डेय, मनोज आचार्य, मंडल अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, उदयवीर प्रजापति, दीपिका सिंह, लालेश पटेल सहित तमाम भाजपा के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सराहनीय योगदान केलिए सम्मानित हुए अवतार किशन सिंह प्रधान संघ करछना

**प्रयागराज।** विकास खंड करछना के प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट प्रतिनिधि प्रधान ग्राम पंचायत करछना को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत सराहनीय सहयोग करने पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजना के अंतर्गत लखनऊ मिशन जी आई टी आई परिसर अलीगंज लखनऊ में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया । विकास खंड करछना के ग्राम प्रधानो धीतेश तिवारी, संदीप कुमार यादव, दूध नाथ यादव, अभिषेक सिंह, शिव गणेश पटेल, बडे लाल पटेल, हंस राज सिंह, बजंरगी,नजम.सिद्दीकी , सहित प्रधान एवं प्रतिनिधियों ने बधाई दी।

# डीएम ने मेजा तहसील में वरासत की खतौनी का किया वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को मेजा तहसील में वरासत की खतौनी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि काफी दिनों से लम्बित वरासत का पूरे जनपद में एक अभियान चलाया गया तथा जो भी खतौनी लम्बित थी, उसको तैयार कराकर वितरित किया गया, जिसमें मेजा तहसील में 800 और पूरे जनपद में 4300 खतौनी तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि आनलाइन आवेदन करके अपनी वरासत पर नाम दर्ज करा सकते है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मेजा श्री विनोद कुमार पाण्डेय सहित सभी टीम को बधायी दी तथा जो भी अभी खाता धारक मौके पर उपलब्ध नहीं थे, उन खाता धारकों को अपने हाथ से वितरित कराये जाने का निर्देश दिया। मौके पर ही राम गोपाल, पंकज, शुभम, आशीष कुमार, विवेक चन्द्र सहित अन्य खाता धारकों को खतौनी वितरित की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान धारा 24 का जल्द से जल्द समाधान कराइये तथा पैमाइश का



मेजा तहसील में वरासत की खतोनी वितरित करते जिलाधिकारी

लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस के अलावा अन्य शनिवार को थानों पर उस थाने से सम्बंधित जितने विवाद है, उनका एक टीम बनाकर जिसमें राजस्व एवं पुलिस कर्मी दोनों साथ जाकर मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित हो। तहसील में उपस्थित जनता की शिकायतों को गम्भीरता से सुना तथा उपजिलाधिकारी मेजा को एक सप्ताह में निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है।

**पैमाइश के लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश**

**जनता के कार्यों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित हो**

**जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केन्द्र सिरसा मण्डी का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को गेहूं क्रय केन्द्रों पर न हो कोई परेशानी**

तत्क्रम में जिलाधिकारी ने सिरसा मण्डी समिति, मेजा रोड़ में गेहूं भण्डारण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीन के द्वारा गेहूं की गुणवत्ता को परखा तथा डिप्टी आरएमओ से गेहूं क्रय आदि की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों को गेहूं क्रय केन्द्रों पर कोई परेशानी न हो, उसका विशेष ध्यान दिया जाये तथा बाहर गेट पर लगाये गये बैनरों पर लिखे टोल फ्री नम्बर की जांच करायी कि कि क्रियाशील है या नहीं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मेजा श्री विनोद कुमार पाण्डेय, डिप्टी आर0एम0ओ0 श्री विपिन कुमार सहित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## वित्तविहीन शिक्षक गुट ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) प्रयागराज ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष विधायक लाल बिहारी यादव के निर्देश पर प्रदेश कार्यसमिति के प्रदेशव्यापी निर्णय के अनुसार अपनी पांच सूत्रीय मांगो को लेकर माननीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष प्रयागराज के माध्यम से जिलाधिकारी प्रयागराज के प्रतिनिधि अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज को सौंपा ।प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने सरकार को आगाह किया कि यदि हमारी मांगों पर शासन ने अमल नही किया तो हम आगामी बोर्ड परीक्षा 2022 की कांपियों के मूल्यांकन का बहिस्कार करेंगे। पांच सूत्रीय मांगो मे मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश की अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की गई अवमानना, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सम्मानजनक मानदेय, बोर्ड परीक्षा के प्रारम्भ के पूर्व केन्द्र व्यय उपलब्ध कराने तथा सरकार द्वारा समस्त कल्याणकारी योजनाओं को सवित्त, राजकीय, एवं वित्तविहीन विद्यालयों पर समान रूप से लागू करने तथा इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाझ्र2022 मे वित्तविहीन विद्यालयो के शिक्षकों को परीक्षक न बनाये जाने सम्बन्धी मांगे सम्मिलित हैं। प्रतिनिधि मण्डल मे मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह, मण्डल प्रभारी गोविन्द प्रसाद भूर्तिया, फूलचंद कन्नौजिया, सीतासरण सिंह, नवीन शुक्ला, जेपी यादव, मानसिंह पटेल, अमरचंद गुप्ता, अमरबहादुर, बुधराम यादव, सर्वेश, शैलेन्द्र कुमारी मौर्या, शिवमोहन सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, कमलचंद, प्रेमचन्द्र, सीबी यादव, रमेश इन्द्रबहादुर सिंह, बालेन्द्र गौतम, अरविन्द सहित अनेक शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएचसी शंकरगढ़ में इलाज करवाने को उमड़ी भीड़

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेले के आयोजन के क्रम में मंगलवार को सीएचसी शंकरगढ़ में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी, विधायक डा. वाचस्पति के साथ सीएचसी अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह ने किया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के उपलब्ध में आयोजित किए गए स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए और मेले में आने वाले लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनका लाभ उठाने की अपील की गई।

सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने भीषण गर्मी में सफल आयोजन के लिए सीएचसी प्रबंधन की सराहना की। सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन को स्वस्थ रखने की दृष्टि से इस तरह के मेलों का आयोजन पूरे प्रदेश में करवा रही है। प्रयागराज में भी सभी ब्लाक स्तरीय अस्पतालों में इसका आयोजन किया जा रहाहै।

**ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेला:**

**सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी और बारा विधायक डा.वाचस्पति ने किया मेले का उद्घाटन**

**सुगर, बीपी की जांच के साथ मरीजों को दी गई दवाएं, गर्मी में सावधानी बरतने की सलाह**

सांसद ने प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सांसद ने कहा कि बीते पांच साल के दौरान उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा हुआ है। कोरोना काल में प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को हर तरह से मजबूत किया। कोरोना काल में बीमार होनेवाले लोगों को चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई। लोगों को राशन उपलब्ध करवाया। इसके बाद लोगों को निशुल्क वैक्सीन लगवाई गई। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के द्वारा स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 102 और 108 एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है। गर्भवती, धात्री महिलाओं के टीकाकरण, खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।लोगों को टेली मेडिसिन की सुविधा दी जा रही है। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने बारा विधायक डा. वाचस्पति के साथ विभिन्न स्टालों का भ्रमण कर जानकारी ली। बारा विधायक ने मेले में आए हुए सभी लोगों से कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की अपील की। ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेले में भारी भीड़ उमड़ी। बुखार, पेट दर्द, सुगर, ब्लड प्रेशर, हड्डी रोग व अन्य बीमारियों से संबंधित डेढ़ हजार से अधिक मरीजों ने इस आयोजन का लाभ उठाया। सीएचसी अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह के मुताबिक स्वास्थ्य मेले में आने वाले सभी लोगों की जांच की गई और आवश्यकता के अनुरूप उन्हे दवाएं और सलाह भी दी गईं। सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधे सरकारी अस्पताल में आकर इलाज करवाएं। अधीक्षक ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में आने वाली भीड़ को संभालने के लिए आधा दर्जन से अधिक डाक्टरों की टीम लगाई गई थी, जिसमें सीएचसी कोरांव से बाल रोग विशेषज्ञ डा. अजीत सिंह, सीएचसी करछना से डा. अनिल कुमार मौर्य, सीएचसी मांडा से सर्जन डा. आनंद पाल यादव के अलावा सीएचसी शंकरगढ़ के फिजीशियन डा. संजय सिंह, महिला रोग विशेषज्ञ डा. रीता सिंह, डा. अभिषेक सिंह, डा. अजय केसरवानी मौजूद रहे।

मेले में इलाज के निमित्त आने वाले लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी, डा. अनूप सिंह, डा. पुनीत, डा. विनोद त्रिपाठी (डायरेक्टर सावित्री ड्रामा सेंटर), थानाध्यक्ष शंकरगढ़, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, पंचायत विभाग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत थानापुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से मनरेगा/पंचम वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत निम्मलिखित कार्यो का बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार स्थल निर्माण कार्य हेतु सील बन्द निविदा दिनांक 20–04–2022 से 26–04–2022 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है तथा 27 –04–2022 को 11 बजे निविदादातओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी द्वारा

| क्र0 | कार्य का विवरण | स्वीकृत प्राक्लन की धनराशि | माप (मीटर में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रतिभूति की धनराशि 2 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास खण्ड परिसर में प्रेरणा कैंटीन का निर्माण कार्य | 393291.00 | 6.69 X 4.50 मीटर | 2 माह | 5865.62 |

टेण्डर/ निविदा की शर्ते :– 1. उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल पंजीकृत द्वारा ही ठेकेदारी का वैध प्रमाण पत्र दिखाने पर व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करने पर ही डाला जायेगा। निविदा के साथ पैनकार्ड की छायाप्रति एवं जी.एस.टी से सम्बन्धित व्यापार कर के पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 2. अेण्डर/निविदा फार्म का मूल्य 300 रूपये है। निविदा के साथ 10 0 रूपये का स्टाम्प पेपर संलग्न करना आवश्यक है।बिल आफ क्वान्टिटी निविदा फर्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी एवं तदानुसार स्वीकार की जायेगी। 3. टेण्डर/निविदा स्वीकृत होने पर 3 दिन के अन्दर प्रतिभूति की धनराशि ग्राम पंचायत थानापुर के नाम से बंधक करना अनिवार्य होगा तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पर अनुबन्ध करना तथा समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण करना आवश्यक होगा।4. टेण्डर/निविदा से संबन्धित अन्य जानकारियां किसी भी कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।5.टेण्डर/निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताए अद्योहस्तारी को पूर्णत: निहित है।

विजय लक्ष्मी चंदेल
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत थानापुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांकः निविदा/2021-22 दिनांक 19.04.2022

अश्वनी कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. थानापुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज।

### रवन्ना बिका करोड़ों रुपए का, लेकिन लीज में काम ही नहीं हुआ

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र की कोटा पहाड़ी पर खनन का पट्टा तो सरकार ने दे दिया है लेकिन उक्त लीजों में से एक ढेला भी नहीं निकाला गया है ।केवल अवैध खनन करके तोड़ी जा रही गिट्टियां, नए पट्टाधारक के ट्रकों में रवन्ना बेचा जा रहा है ।उसका एक कारण भी है कि अब ई-टेंडरिंग के रवन्ने मंहगे पड़ रहे हैं। जिससे नए पट्टेधारक पुराने पट्टेधारकों से रवन्ना खरीदकर अपने-अपने ट्रकों के परिवहन में इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे सरकारी राजस्व का लगभग करोड़ों रुपये से अधिक का प्रतिमाह नुकसान हो रहा है। खास बात यह भी है कि, खनन नीति तो नई लागू की गई है लेकिन जुगाड़ पुराना वाला ही चल रहा है। बता दें कि जब उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी,तो सपा सरकार की खनन नीति को बदलकर नई खनन नीति लागू कर दी गई। जिसमें ई-टेंडरिंग प्रणाली लागू की गई, जिसकी रॉयल्टी प्रति घन फिट कई गुना अधिक है ।पहले पट्टा नियम था,पुरानी खनन नीति में लोगों ने 20 वर्षों या उससे भी अधिक समय तक का पट्टा बनवाया था ।लेकिन अब वह लागू नहीं है। इतना ही नहीं, खनन कार्य कहीं हुआ है और रवन्ना कहीं का लगाया जाता है ।जैसे कि खनन पट्टा परवेजाबाद का है तो रवन्ना गन्ने का लगा दिया जाता है ।जिसकी दूरी लगभग बीसों किमी है ।किन्तु खनन अधिकारियों की मिलीभगत से दूसरे पहाड़ का खनन ,और दूसरे पहाड़ का रवन्ना लगाकर सुनियोजित तरीके से व्यवसाय चल रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह भी है कि जिन पट्टेधारक का रवन्ना चलाया जा रहा है, उसके खदान में खनन कार्य के नाम पर एक ढेला भी नहीं निकाला गया है। यही कारण है कि अवैध खनन माफिया कहीं कहीं खदानों में काफी नीचे तक गड्ढे कर दिये हैं और कहीं नाममात्र की खुदाई नहीं हुई है। अगर खान अधिकारी भौतिक सत्यापन करने के बाद रवन्ना निर्गत करें तो शायद किसी को एक पन्ना रवन्ना नहीं मिलेगा। इसलिए यह बात सच है कि यह सब खनन अधिकारी के संज्ञान में चलाया जा रहा है, जहाँ से मोटी रकम वसूल की जाती है।

## जसरा में आयोजित हुआ ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेला

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सोमवार को जसरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज की सांसद डा० रीता बहुगुणा जोशी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ० तरुण पाठक ने किया। बारा विधानसभा के विधायक डॉ० वाचस्पति ने स्वास्थ्य व चिकित्सा को लेकर लोगों को जागरूक किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में कुल 3150 लोगों ने ब्लड जांच,निःशुल्क दवा, टेली कंसल्टेशन,मोतियाबिंद जांच,सुगर जांच,ब्लड प्रेशर की जांच, परिवार नियोजन,लेप्रोसी की जांच,कोविड टीकाकरण, आयुष का स्टाल आदि स्वास्थ्य मेला में निःशुल्क दवाइयां व जांच की सुविधाएं उपलब्ध रही। जिसमें डॉ० रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि हमारे विधान सभा बारा के विधायक डॉ०वाचस्पति जो कि सरल स्वभाव के व्यक्ति है और बड़े बड़े कॉलेज चला रहे हैं। यह हजारों लोगों का भविष्य बना रहे हैं। सांसद ने बताया कि अधीक्षक डॉ तरुण पाठक लोगों को जागरूक करने का कार्य करते हैं और जो भी योजना



सरकार की ओर से आती है सभी लोगों को अवगत कराते है। आज पांच साल पहले क्या था और अब क्या है। आज सभी को निःशुल्क दवाइयां मिल रही है, निःशुल्क जांच की व्यवस्था है ताकी लोग आरोग्य जीवन जी सके। इस कोविड -19 के दौर में मैंने बहुत कुछ देखा है कैसे डॉक्टर ,नर्श अपने जीवन की परवाह न करते हुए लोगों को स्वस्थ करने में लगे हुए थे। आज इस शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक करना है और सरकार के द्वारा जो भी सुविधाएं आम लोगों तक नहीं पहुंच पाई है उसे तत्काल आम जन मानस तक पहुंचाना है । सांसद ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का हृदय से आभार प्रकट किया। और कहा कि सरकार द्वारा ब्लॉक स्तरीय शिविर लगा करके लोगों को जागरूक करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज नानक शरण ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय,भाजपा के चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, जिलामंत्री कमलेश त्रिपाठी,मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला,प्रबुद्ध वर्ग संयोजक राजाबाबू पाठक, महामंत्री भूपेंद्र पाठक, बच्चा मालवीय, रामानंद त्रिपाठी, वीरेंद्र पाठक, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पटेल, अनिल मिश्रा, अमित पासी, अशोक तिवारी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**वैष्णवी का किया अन्न प्रासन :** जसरा गांव की वैष्णवी का अन्न प्रासन का कार्यक्रम डा०रीता बहुगुणा जोशी व विधायक बारा डा० वाचस्पति के द्वारा अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने करवाया। वहीं सरिता की गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कृष्णापुर वि. ख. सोरांव, प्रयागराज

पत्रांकः- मेमो/अ.नि./2022-23

**निविदा सूचना**

दिनांक : 19-04-2022

वित्तीय वर्ष 2022–23 में मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग/15 वां केन्दीय वित्त आयोग / कायाकल्प योजना / स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के मद से कराए जाने वाले कार्य के लिए कार्यस्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2022 से 25.04.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कृष्णापुर में सायं 4 बजे तक निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 26.04. 2022 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यो के सामने पूर्वान्ह 11:30 बजे खोली जायेगी।

**सामग्रियों का विवरण निम्नवत हैः–**

| क्र0 | सामग्री | लम्बाई/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईट 150 एम एम प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सिमेंट | प्रति बोरी | |
| 3. | मोरंग बालू | प्रति घन मीटर | |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर | |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम एम से 35 एमएम | प्रति घन मीटर | |
| 6. | ईट गिट्टी 20 एम एम से लेकर 40 एम एम | प्रति घन मीटर | |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्तल | |
| 8. | ह्यूम पाइप 350 एम एम (एन पी पी) | प्रति नग | |
| 9. | ह्यूम पाइप 600/900 एम एम | प्रति नग | |
| 10. | सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | प्रति नग | |
| 11. | इंटरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 12. | टाईल्स शौचालय सामग्री दरवाजा सहित | प्रति नग | |
| 13. | पत्थर पटिया विभिन्न साइज | प्रति नग | |
| 14. | इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति नग | |
| 15. | सफाई कर्मी किट (झाड़ू, कूड़ा गाड़ी, फावड़ा आदि) | प्रति नग | |
| 16. | कोविड बचाव सामग्री | प्रति नग | |

नियम शर्ते :– 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है । 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की निधि से स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति के स्वीकृत के बाद भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हैं। 7. प्रस्तुत दर पी. डब्ल्यू. डी. की एकीकृत दर से अधिक न हो। 8. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी।9. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने पर भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 10. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

अर्चना पटेल
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत कृष्णापुर
वि. ख. सोरांव, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/2022-23/ दिनांक 04.04.2022

विजय कुमार गौतम
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कृष्णापुर
वि. ख. सोरांव, प्रयागराज

# छात्रवृत्ति न आने पर एनएसयूआई ने डीएम द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

अखंडभारत संदेश

**प्रयागराज।** एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर के नेतृत्व में छात्रो ने मंगलवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पैदल चलकर छात्रवृत्ति न आने पर नारेबाजी के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर आक्रोश व्यक्त किया।साथ ही उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी को छात्रवृत्ति निर्गत हो संबंध में द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आग्रह किया कि छात्र मध्यम वर्ग से आते है और छात्रवृत्ति के आशा से आगे की पढ़ाई संचालित कर पाते हैं, अभिवावकों के रोजी रोजगार इस कोरोना में छीन गए है महंगाई से नूंन रोटी नही चल पा रहा कॉलेज की फीस छात्र आखिर कैसे भरें?छात्रों का एक स्वर में आग्रह था कि छात्रों युवाओं के




भविष्य अंधकार मय हो रहा सरकार इस पर पुनः विचार करें अन्यथा लाखों की तादाद में छात्र आगे की पढ़ाई से वंचित हों जावेगा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि सरकार कहती है कि छात्रवृत्ति के लिए बजट नहीं है तो पूंजीपतियों के लाखों करोड़ों में कर्जा माफी के लिए बजट है छात्रों की छात्रवृत्ति शुल्क भरपाई संबंधित बजट क्यों नहीं?प्रदेश महासचिव अजय पांडेय बागी कहते है कि छात्रों का कमर तोड़ने में कोई कसर नही छोड़ रही यह सरकार यह सरकार छात्र विरोधी है।कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर, अजय पांडेय बागी, अभिषेक शुक्ल, वैभव सिंह अनजान, शिवम पटेल, अर्पित केसरवानी इत्यादि रहें।

### रास्ते में युवक को मारपीट कर छीना मोटरसाइकिल व मोबाइल

#### नामजद तहरीर पर करछना पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

**करछना।** थाना क्षेत्र के लखरावा गांव निवासी सदलू राम कनौजिया का लड़का अनुज कुमार कनौजिया सोमवार अकोढा बाजार कुछ सामान लेने अपनी मोटरसाइकिल से गया था वहां से लौटते समय रास्ते में लहबरा गांव के सामने कुछ दबंग किस्म के लोगों ने अनुज कुमार को रास्ते में रोककर बुरी तरह लाठी-डंडों से पिटाई कर दी और मरणासन्न हालत में उसे छोड़कर फरार हो गए तथा उसकी मोटरसाइकिल व मोबाइल सब छीन ले गए जिसकी जानकारी घायल अनुज कुमार के पिता के सदलू राम को हुई तो उन्होंने घायल अवस्था में अपने लडके को करछना अस्पताल ले गयें जहां गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रीफर कर दिया गया ,जहां उसका इलाज चल रहा है, पिता की तहरीर पर लहबरा गांव निवासी बबलू विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा,लल्लू विश्वकर्मा के खिलाफ करछना थाने में नामजद तहरीर दी है वही घायल अनुज कुमार कनौजिया का इलाज शहर के एक अस्पताल में कराया जा रहा है जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था में भर्ती किया है मामले को लेकर गांव में राजनीतिक द्वेष के चलते घटना को अंजाम दिया गया है करछना पुलिस मामले में आरोपियों के खिलाफ जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### वृद्ध के खाते से साइबर अपराधियों ने 32 हजार रुपये उडा दिए

**मऊआइमा।** सक्रिय साइबर अपराधियों ने एक वृद्ध के खाते से 32 हजार रुपये उडा दिए। भुक्तभोगी ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासी बदरुद्दीन पुत्र स्वर्गीय लाल मोहम्मद का खाता मऊआइमा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में है। बदरुद्दीन का कहना है कि उनकी उम्र नब्बे साल हो चुकी है। वह बैंक में जमा पैसों से अपना खर्च चलाता है। बदरुद्दीन का कहना है कि जब वह बैंक में अपना पैसा निकालने गया तो उसके खाते से 32 हजार रुपये साइबर अपराधियों ने उडा दिए। बदरुद्दीन ने मऊआइमा थाने में अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

# संयुक्त अधिवक्ता संघ के अनिल त्रिपाठी महेश अध्यक्ष तथा शेष तिवारी महामंत्री हुये निर्वाचित

## अध्यक्ष पद पर कांटे के मुकाबले मे जीते अनिल त्रिपाठी, समर्थकों मे उत्साह

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के चुनाव मे मंगलवार की देर शाम आये नतीजे मे अनिल त्रिपाठी महेश अध्यक्ष तथा शेष तिवारी महामंत्री निर्वाचित हुये। अनिल महेश ने अध्यक्ष पद पर कांटे के मुकाबले मे निकटतम प्रतिद्वंदी संदीप सिंह को पचपन मतों से करारी शिकस्त दी।

अनिल महेश को दो सौ आठ मत मिले तथा निकटतम संदीप सिंह को एक सौ तिरपन मत मिले तथा तीसरे नंबर पर आये उम्मीदवार प्रवीण यादव को इक्तालिस मत प्राप्त हो सके। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार कालिका प्रसाद पाण्डेय को मात्र पैंतीस मतों पर ही संतोष करना पड़ा। पदाधिकारियों की जीत की घोषणा होते ही तहसील परिसर मे मौजूद


संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव मे जीत का प्रमाण पत्र हासिल करते नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

समर्थक अधिवक्ता साथियो मे हर्ष छा गया। वहीं उपाध्यक्ष सिविल पद पर शहजाद अंसारी ने एक सौ पचहत्तर मत प्राप्त कर तथा उमाशंकर मिश्र को बीस मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष सिविल पद पर शहजाद अंसारी को एक सौ पचहत्तर, उमाशंकर मिश्र को एक सौ पचपन तथा वीरेन्द्र को एक सौ पन्द्रह मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर विजय कुमार त्रिपाठी कांटे के मुकाबले में एक सौ उन्नींस मत प्राप्त कर विनय जायसवाल को मात्र चार मतों से पराजित किया। विनय जायसवाल को एक सौ पन्द्रह मत प्राप्त हुये। वहीं उपाध्यक्ष पद पर आशीष तिवारी को अटठान्वें व अखिलेश श्रीवास्तव को छाछठ तथा मस्तराम पाल को इक्तालिस मत मिले। महामंत्री पद पर शेष तिवारी ने दो सौ सत्रह मत प्राप्त कर धीरेन्द्र शुक्ल को तीस मतों से पराजित किया। महामंत्री पद पर धीरेन्द्र शुक्ल को एक सौ सतासी मत मिले वहीं हरिश्चंद्र पाण्डेय को उन्तालिस मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर पंकज तिवारी, प्रचार मंत्री सुरेन्द्र कुमार, सह मंत्री कमलेश दुबे, आय व्यय निरीक्षक देवकरन वर्मा वहीं सदस्य कार्यकारिणी पद पर पुनीत कुमार मिश्र, अवनीश, वकील अहमद, सतीश पाण्डेय को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को चुनाव समिति के अध्यक्ष राम लगन यादव व संरक्षक कमलेश तिवारी ने समारोहपूर्वक प्रमाण-पत्र प्रदान किया। समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर चुनाव समिति के प्रमोद सिंह, रमेश पाण्डेय, बाबूलाल वर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, राजेश तिवारी, रोशनलाल सरोज, जयप्रकाश शुक्ल, शारदाबक्श सिंह, इरफान अली, धीरेन्द्र मिश्र भी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर भाकियू ने कचहरी में किया प्रदर्शन

### राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (अ) के कार्यकताओं ने किसान बचाओ, देश बचाओ के तहत अपनी मांगों को लेकर कचहरी में प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से भेजा गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि सम्पूर्ण किसानों का विद्युत बिल माफ किया जाए। किसानों को कर्जमुक्त किया जाए। किसान आयोग का गठन किया जाए। सम्पूर्ण देश में स्वास्थ्य व शिक्षा सरकारी व प्राइवेट संस्थानों में मुफ्त मिले। राष्ट्रीय राजमार्ग के दिशा निर्देश में 60 किमी पर किसानों का टोल टैक्स मुफ्त किया जाए।

आवारा पशुओं से किसानों की फसल की सुरक्षा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए तथा क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों का उत्पीड़न व उनकी अनदेखी की जा रही है, इस पर रोक लगाई जाए तथा दोषियों पर


मांगों को लेकर कचहरी में प्रदर्शन करते भाकियू पदाधिकारी।

कार्यवाही की जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल, हरीश कुमार, लीलावती सिंह, अशोक सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, सरोज कुमार सिंह, बृजभान सिंह, जिला प्रभारी जलालुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

# पट्टी के पूर्व विधायक राम लखन यादव का हुआ निधन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार की दोपहर विधानसभा पट्टी से दो बार विधायक निर्वाचित होने वाले राम लखन यादव का का निधन हो गया। वह लगभग 85 साल के थे। काफी दिनों से वह बीमार चल रहे थे प्रयागराज स्थित एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के बैजलपुर गांव के रहने वाले राम लखन यादव सक्रिय राजनीति मुलायम सिंह यादव के साथ शुरू किया। समाजवादी पार्टी के गठन के पहले वह जनता दल के नेता थे। समाजवादी पार्टी के गठन के समय मुलायम सिंह यादव के कदम से कदम मिलाकर राजनीति में प्रवेश किया। मुलायम सिंह यादव के करीबी नेता माने जाते थे। सन 1989 में जनता दल के टिकट से विधानसभा पट्टी पहली बार वह विधायक के रूप में निर्वाचित हुए। उस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की तरफ से चुनाव लड़ रहे हैं राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह को शिकस्त दिया था। इसके बाद जब समाजवादी पार्टी का गठन हुआ तो पहली बार चुनाव लड़ रही समाजवादी पार्टी ने सन 1993 में रामलखन यादव पर भरोसा जताकर पट्टी से टिकट दिया तो उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के शिवाकांत ओझा को पराजित करके फिर से पट्टी के विधायक चुने गए। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राम लखन यादव के तीन बेटे जिसमें अनिल यादव अतुल यादव अखिल यादव है। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे प्रयागराज स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज बीते 3 महीनों से चल रहा था लेकिन मंगलवार की दोपहर उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया।

# अराजक तत्वों के विरुद्ध हुई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत समाज में समय-समय पर होने वाली आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के ऊपर कार्यवाही को अंजाम दिया है। कंधई पुलिस ने सात लोगों पर 151 तथा समाज ने परिशांत बनाए रखने के लिए 107/116 भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कार्रवाई किया है। कंधई थाना क्षेत्र में 50 से अधिक गांव आते है जिसमें कई ऐसे अराजक तत्व जो समय समय पर पाबंद किए जाते हैं कंधई पुलिस ने मंगलवार को ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए 107 ,116 तथा 151 सीआरपीसी के तहत कारवाई किया है। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैला कर मारपीट के साथ वर्चस्व को लेकर पुलिस लगातार निगरानी कर रही है किसी के साथ कोई घटना घटे इसके लिए सात लोगों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है जिससे समाज में सामाजिक समरसता कायम रहे।

# शहर को पांच जोन में बांटकर शहर में सफाई की अलग-अलग दी गई जिम्मेदारी

## अधिशाषी अधिकारी ने सफाई कर्मियों को किया प्रशिक्षित, दो सफाई कर्मी निलम्बित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन और प्रशासन के निर्देश पर शहर को साफ-सुथरा रखने के लिये आज मंगलवार को नगर पालिका के सभी सफाई नायकों तथा सफाई कर्मियों को कम्पनी बाग में बुलाकर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने उन्हें प्रशिक्षित किया और उनकी जिम्मेदारियों से उन्हें अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि सफाई की निगरानी शासन स्तर से ड्रोन द्वारा की जाएगी। इसमें कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने वाले तथा अपना कार्य भी ठीक ढंग से न करने पर दो सफाई कर्मियां को निलम्बित करने की कार्यवाही की गई तथा दो अन्य को नोटिस दी गई। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि पूरे शहर


कम्पनी बाग में आयोजित बैठक में बोलते नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह।

को पांच जोन में बांटा गया है। एक जोन के अन्तर्गत पांच वार्ड होंगे। जोन स्तर पर भी निगरानी करने के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। आज मंगलवार को कम्पनी गार्डेन में एक-एक सफाई कर्मियों को बुलाकर उन्हें कहां सफाई करनी है और कब करनी है, यह सुनिश्चित कर दिया गया। इसके अलावा शहर को साफ-सुथरा रखकर संक्रामक रोगों से बचाने के लिये भी सफाई के साथ फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव इन्हीं सफाई कर्मियों द्वारा किया जाना है इसलिये इन पर नगर को साफ-सुथरा रखने की एक तरह से पूरी जिम्मेदारी है। प्रातः पांच बजे से दस बजे तक तथा अपरान्ह में दो बजे से पांच बजे तक सफाई कर्मियों को अपने निर्धारित स्थान पर अपना कार्य अच्छे ढंग से करना पडेगा। इन सफाई कर्मियों को इनकी जिम्मेदारी से अवगत कराने के लिये नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी ने उन्हें प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर आशीष मिश्रा, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई लिपिक प्रशांत सिंह तथा आरआई राजेश बिंद मौजूद रहे।

# गोद लिए टीबी मरीजों को वितरित की गई पौष्टिक चीजें

## टीबी क्लीनिक में रोगियों को दिया गया परामर्श

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** टीबी हारेगा, देश जीतेगा...। टीबी के मरीजों में जीने की उम्मीद बरकरार रहे। इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी आगे आया है। ग्रुप के सहयोगियों ने मंगलवार को जिला क्षय रोग केंद्र पर गोद लिए रोगियों को खाने की पौष्टिक चीजें और पाउडर का वितरण किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री ने रोगियों का मेडिकल चेकअप किया। उन्हें परामर्श भी दिया।विश्व क्षय दिवस पर सीएमओ डाक्टर एके श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने टीबी के दस मरीजों को गोद लिया है। जिसमें पांच बच्चे


मरीजों को पौष्टिक आहार की चीजें देत डाक्टर मनोज खत्री।

भी शामिल हैं। मरीज मोहनगंज, सुखापाल नगर, जैथीपुर और शहर के है। गोद लिए गए सभी मरीजों का हेल्थ चेकअप और परामर्श देने के संबंध में बीबीएफजी के आग्रह पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर एके श्रीवास्तव में निर्देश पर जिला क्षय रोग अधिकारी डाक्टर सीपी शर्मा के बुलावे पर क्लीनिक पर आए मरीजों का मगंलवार को डाक्टर मनोज खत्री द्वारा चेकअप हुआ। जिसमें उन्होंने खान पान पर विशेष ध्यान देने और सबसे जरूरी समय समय पर दवा खाने की सलाह दी। मेडिकल अधिकारी डाक्टर विजय पटेल ने बताया कि बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने टीबी के जिन दस मरीजों को गोद लिया है। उसमें से पांच लोग आए थे। जिन्हें डाक्टर खत्री की तरफ से प्रोटीन पाउडर का डिब्बा और पौष्टिक आहार से संबंधित चीजें दी गई। कार्यक्रम का संचालन हेमंत शुक्ला ने किया। इस मौके पर टीबी क्लीनिक के सरवर हुसैन, रामेंद्र तिवारी डीपीसी, विजय राज डीटीसी अजीत टीबीएचवी और मुश्ताक फार्मासिस्ट मौजूद थे।

# उम्मीदवार की जीत को पसीना बहा रहे रेल यूनियन के नेता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नॉर्दर्न रेलवे मल्टी स्टेट कोआप्रेटिव के डेलिगेट चुनाव में अपने उम्मीदवार के सिर जीत को हरा बांधने को आतुर रेल कर्मचारी यूनियन के नेताओं ने जनसंपर्क में पूरी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को तीनों यूनियन के नेताओं ने रोड साइड के स्टेशनों पर जाकर बैंक के सदस्यों से वोट देकर अपने उम्मीदवार को जिताने की अपील की है।

लखनऊ मंडल में 17 जगहों पर बैंक के डेलिगेट का चुनाव होना है। जिसमें दो स्थानों पर एक यूनियन के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। बाकी 15 स्थानों पर 22 अप्रैल को वोटिंग होनी है। जिसमें प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर भी बूथ होने की वजह से गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। यहां से वीके यादव लोको पायलट उत्तरीय रेलवे कर्मचारी यूनियन(उरकू) विजय यादव नार्दन रेलवे मेंस यूनियन और उदयराज वर्मा उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की तरफ से डेलीगेट का चुनाव लड़ रहे हैं। अपने प्रत्याशी की जीत को पक्का करने के लिए यूनियन के नेता और कर्मचारी पूरे मनोयोग से जुटे है। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी की परवाह किए बगैर वोटरों का दरवाजा खटखटा रहे है। खास बात यह है कि तीनों यूनियन ने पिछड़ी जाति के ही उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। इससे साफ पता चलता है कि पिछड़ी जाति के वोटर बहुसंख्यक है। जानकारों का मानना है कि इसमें भी यादव बिरादरी के अधिक है। यही वजह है कि दो यूनियन मेंस और उरकू दोनों ने यादव कैंडिडेट को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है। ताकि कि जीत आसान हो सके। फिलहाल जीत किसी भी हो, राज दूसरा ही करता है। मेंस यूनियन की तरफ से मंत्री अनिल शुक्ला, अध्यक्ष मोहम्मद शफीक, अजय आनंद, मनीष पांडेय, मोहम्मद अनीश,वीके तिवारी मजदूर यूनियन की तरफ से मंत्री धर्मेंद दूबे, अध्यक्ष अफजल खान, राजेश सिन्हा, प्रदीप शर्मा और उरकू की तरफ से मंडल मंत्री एसए अंसारी और मोहम्मद शरीफ ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। इन लोगों ने दिन भर जनसंपर्क किया।

# कौमी एकता हमारे मुल्क की है शानः प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज मे सोमवार की शाम रोजा इफ्तार मे सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी समेत भारी तादात मे रोजेदार शिरकत करते दिखे। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित किये गये रोजा इफ्तार मे सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि मुल्क की शान सदैव हमारी कौमी एकता मिशाल देती आयी है। उन्होंने परवर दिगार आलम से मुल्क की तरक्की व इलाकाई खुशी के साथ मुल्क को कोरोना से भी निजात दिलाने की स्वयं विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से दुआ की। श्री तिवारी ने कहा कि रोजा ईमान की मजबूती तथा अमनों शांति के लिए हमें जिंदगी के फर्ज की नसीहत दिया करता है। श्री तिवारी ने लोगों से भाईचारे व गंगा जमुनी तहजीब को भी ताकतवर बनाये रखने की अपील की। श्री तिवारी ने इफ्तार के बाद लोगों को गले लगाकर पाक रमजान की मुबारकबाद भी सौंपी। इफ्तार का आयोजन ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व एहसान उल्ला अंसारी ने किया। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने किया। इस मौके पर हाजी मोहम्मद ईसा, मुस्ताक, इरफान, शेर मोहम्मद, मो. सत्तार, शहाबुद्दीन, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, नन्हें खां, बेलाल रहमानी, रामबोध शुक्ल, हगपाल यादव, रामकृपाल पासी आदि रहे।

# एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, महिला ने दिया बेटे को सुरक्षित जन्म

## परिवारवालों ने पीएमटी व आशा बहू को दिया धन्यवाद

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार की सुबह एंबुलेंस में किलकारी गूंज उठी। अस्पताल में ले जाते समय प्रसव पीड़ा से कराह रही एक महिला बेटे को एंबुलेंस में जन्म दिया। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं और पट्टी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट है।पट्टी तहसील क्षेत्र के सहसपुर गांव की रहने वाली रूबी मिश्रा पत्नी पप्पू मिश्रा गर्भवती थी। सोमवार की रात 3 बजे वह घर पर थी तभी प्रसव पीड़ा तेज हुई तो परिजनों ने एंबुलेंस को फोन किया गया, एंबुलेंस से रूबी मिश्रा को पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था, तभी पट्टी नगर स्थित पावर हाउस के समीप प्रसव पीड़ा अधिक हुई तो एंबुलेंस चालक मोहम्मद शहीम ने एंबुलेंस को रोड के किनारे रोक दिया उसके बाद एमटी हरीश गुप्ता की सूझबूझ और आशा राना देवी ने अपनी सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बेटे को जन्म दिया जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित थे। दोनों को पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। महिला रूबी मिश्रा को 2 बेटियां थी तीसरी बार बेटे को जन्म देने पर परिवार के लोग बहुत खुश दिखाई दिए। परिजनों ने एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराने के लिए पीएमटी तथा आशा बहू को धन्यवाद दिया। इस संबंध में पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर से बात करने पर बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित है एंबुलेंस में एमटी और आशा बहू के सूझबूझ के कारण महिला का सुरक्षित प्रसव हुआ है। अभी फिलहाल दोनों पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हैं।

# स्वामी करपात्री महाराज स्नातकोत्तर में विभागीय परिषदों का हुआ गठन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्वामी करपात्री जी महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीगंज, प्रतापगढ़ में छात्र कल्याण परिषद के तत्वावधान में विभागीय परिषदों का गठन किया गया था। महाविद्यालय में संचालित समस्त विषयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगिताएं सभी विभागों ने करवाई। सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# रिपोर्ट गलत पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाहीः डीएम

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में 02 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (दस्तक) अर्न्तविभागीय समन्वय समिति समीक्षा की गयी। समन्वय समिति में विभिन्न विभागों द्वारा अभियान के दौरान किये गये विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।

बैठक में मुख्य चिकित्सा धिकारी द्वारा बताया गया कि 59 प्रतिशत गांव में फागिंग करायी गयी है, 5824 कुओं में ब्लीचिंग पाउडर से विसंक्रमित कराया गया है। इसी तरह से सर्वे के पश्चात मात्र 23 मरीजों में लार्वा पाजिटिव पाये गये है। नगर निकाय, पंचायती राज विभाग द्वारा नालियों की सफाई, झाड़ियों का कटान, इण्डिया मार्का


संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

हैण्डपम्प की मरम्मत, उथले हैण्डपम्पों का चिन्हांकन, जल भराव वाले स्थलों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव आदि कार्यक्रम कराये गये है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विभागों द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी है इनका थर्ड पार्टी द्वारा सत्यापन में भिन्नता पायी गयी है। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि विभागों द्वारा दिये गये आंकड़ों का सत्यापन कराकर 25 अप्रैल 2022 को पुनः प्रस्तुत किया जाये। उन्होने सभी नगर निकायों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति तथा नालियों की सफाई, कूड़े का प्रबन्धन आदि की विस्तृत समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि शासन के निर्देश के क्रम में तत्काल एक कन्ट्रोल रूम संचालित किया जाये ताकि जलापूर्ति, साफ-सफाई, कूड़े का उठान आदि से सम्बन्धित शिकायत/समस्या जनता द्वारा उपलब्ध करायी जा सके। उन्होने जेई जलकल विभाग को निर्देशित किया कि सभी नगर निकायों में जल आपूर्ति की व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत रिपोर्ट 02 दिनों के अन्दर बनाकर प्रस्तुत करें।

# भरी पंचायत में आरोपी ने वृद्ध महिला को लाठी डंडे से पीटकर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन के विवाद को लेकर गांव में बुलाई गई पंचायत में आरोपी ने भरी पंचायत के बीच एक वृद्ध महिला को लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला परिजनों के साथ पट्टी कोतवाली पहुंची और शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है । पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव की रहने वाली प्रभावती पत्नी राम अभिलाख मंगलवार को पट्टी कोतवाली पहुंची उसने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी आबादी की जमीन को लेकर उसके पड़ोसी से काफी पुराना उसका विवाद चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा पुलिस लाइन पहुचकर वहां का निरीक्षण किया साथ ही वहां पर उपस्थित यातायात कार्यालय सम्मेलन कक्ष व आरक्षी बैरकों तथा पुलिस कर्मियों के लिए बन रहे जिम मनोरंजन कक्ष फायरिंग बट व निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि साफ सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करे साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि पुलिस लाइन के साथ साथ आस पास की साफ सफाई रखी जाए।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त कुलदीप रैदास पुत्र रामसुख निवासी हुसैनमई थाना चरवा को तेरामील जीटी रोड सैय्यद सरावा स्टेशन जाने वाले तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर की छत पर मिला अधेड़ का शव

## अधेड़ की मौत के सवाल पर बार-बार बयान बदल रहे हैं परिजन

अखंड भारत संदेश

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 45 वर्षीय अधेड़ का शव छत के ऊपर से मिला है। अधेड़ का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया है अधेड़ के हाथ पैर नीले पड़ गए हैं आशंका जताई जा रही थी अधेड़ की मौत जहरखुरानी से हुई है मामले की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधेड़ की मौत कैसे हुई है के सवाल पर परिजन बार-बार अपना बयान बदल रहे हैं घटना की रात घर पर भी मौजूद नहीं थे उनका कहना है कि वो खेती के काम से पूरी रात घर से बाहर थे और सुबह घर वापस लौटने पर अधेड़ की लाश देखी है। आपको बता दें कि कोखराज थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव के



रोते बिलखते परिजन

रहने वाले संतोष पटेल उम्र 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय संपत लाल अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ खेती किसानी कर अपना गुजर बसर करता था। सोमवार की रात पत्नी मालती देवी बच्चों के साथ खेतों में गेहूं काटने गई थी सुबह वापस घर आने पर छत के ऊपर पति का शव देखकर उसके होश उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर पास पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 17 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप मे थाना मझनपुर से 01 थाना पश्चिम शरीरा से 05 थाना महेबाघाट से 01 थाना कौशाम्बी से 03 थाना पिपरी से 01 थाना चरवा से 01 थाना कोखराज से 03 थाना सैनी से 02 कुल 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### एसपी ने किया फायर स्टेशन का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा थाना मोहब्बतपुर पइंसा अंतर्गत उदहिन खुर्द में नवनिर्मित फायर स्टेशन का निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त मिथलेश पुत्र भैरव प्रसाद निवासी अम्बावा पूरब थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त मुन्नू पुत्र बुलाकी निवासी अकबरपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

## न्यूज झरोखा

### कोखराज ग्राम में बूंद बूंद पानी को तरस रही जनता जिम्मेदार माना रहे मौज

10 दिन बीत जाने के बाद भी नही बदली जा सकी जली मोटर



**कौशांबी कोखराज।** सिराथू तहसील के ग्राम कोखराज की जनता को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है जबकि दस दिन से परेशान ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस तपती गर्मी में प्यासे जानवरों व ग्रामीणों के लिए पानी उपलब्ध कराने की गुहार लगायी हैं।लेकिन ग्रामीणों पर तरस नही आ रहा है जबकि पानी के लिए दूर दूर से पानी ला कर इस जानलेवा गर्मी में जीवन बचाने का प्रयास ग्रामीण कर रहे हैं। लेकिन कोखराज पानी टँकी के ऑपरेटर व विजली विभाग के कर्मचारी देखने तक नही आ रहे हैं इस तरह की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश फैल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी का विल हर महीने लिया जाता है फिर भी पीने को पानी तक नहीं मिलता हैं। पानी की किल्लत के चलते लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कोखराज ग्राम में गर्मी को ध्यान में रखते हुए तत्काल पानी टँकी की जली मोटर बदल कर ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने व जीवन बचाने की गुहार लगाई है और लापरवाह कर्मचारियों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की हैं।

### चायल ब्लाक परिसर में स्वास्थ मेला का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** चायल ब्लॉक परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दिलीप प्रजापति मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी मुक्तेश द्विवेदी चायल चिकित्सा प्रभारी, खंड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पाण्डेय खंड शिक्षा अधिकारी मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहे। आयोजित स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया गया , विभिन्न विभागों जैसे शिक्षा स्वास्थ्य के साथ आजीविका मिशन के माध्यम से स्वरोजगार हेतु उन्मुख समूहों ने भी अपना प्रस्तुतिकरण किया, कृषिमान महिला समूह द्वारा निर्मित देसी बरिया, दाल एवं समर्पण समूह द्वारा निर्मित वस्त्रो का प्रस्तुतियां हुई।

### अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन करें मेडिकल प्रोफेशनल डॉक्टर : सीएमओ

मेडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर के सिराथू रोड में कौशांबी मेडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन कार्यालय का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी केसी राय द्वारा किया गया उद्घाटन के अवसर पर एडीशनल सीएमओ हिंद मणि ने अपने वक्तव्य के दौरान कहां कि जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति हर डॉक्टर को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए सीएमओ केसी राय ने डॉक्टरों को मेडिकल प्रोफेशनल के दायित्व अवगत कराते हुए कहा कि उन्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मरीजों की उचित देखभाल करनी चाहिए इस दौरान मौजूद अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ला डॉ सौरभ गुप्ता डॉ अरुण शर्मा डॉ अनिल सिंह डॉ भैरव डॉ नीतू कनौजिया केसरवानी महेश कुमार गुप्ता डॉ इकरार अहमद आदि सैकड़ों डॉक्टर मौजूद रहे।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 104 वाहनों का ई चालान किया गया तथा 03 वाहन का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# कड़ी सुरक्षा के बावजूद जिला अस्पताल में बाइक चोर गैंग सक्रिय

## सोमवार को फिर जिला अस्पताल परिसर से मरीज के परिजनों की बाइक ले जाने में सफल हुए गैंग के सदस्य सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोरी करने की सीन कैद होने के बाद चोरी गई बाइक नहीं हो सकी बरामद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बाइक चोरी करने के गिरोह के सदस्य जनपद मुख्यालय के जिला अस्पताल परिसर विकास भवन और आसपास क्षेत्र में तेजी से सक्रिय हैं आए दिन किसी न किसी की बाइक को गिरोह के सदस्य गायब कर देते हैं जिससे बाइक मालिक के सामने समस्याएं खड़ी हो जाती हैं खूबसूरत से दिखने वाले बाइक चोर गिरोह के सदस्य जनपद मुख्यालय सहित भीड़भाड़ स्थान पर बेखौफ घूमते टहलते देखे जाते हैं और मौका मिलते ही बड़े आराम से बाइक को उठा ले जाते हैं सोमवार को फिर जिला अस्पताल में मरीज को लेकर आए उनके परिजनों की बाइक को चोर गिरोह के सदस्यों ने पार कर दिया है जिला अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिसमें बाइक चोरी की घटना कैद हो गई है इसके पहले भी जिला अस्पताल



बाइक चोर के करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद

परिसर से बाइक चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं विकास भवन के आसपास भी बाइक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन संदिग्ध लोगों का अस्पताल परिसर में आना जाना नहीं रुक रहा है जबकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से अस्पताल परिसर में सिपाही होमगार्ड की तैनाती भी पुलिस अधीक्षक ने की है लेकिन सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बाद भी बाइक चोर गिरोह वाहनों की चोरी करने के मंसूबे में सफल होते जा रहे हैं। बताया जाता है कि मंझनपुर कस्बे के नेहरू नगर मोहल्ला निवासी सुशील कुमार केसरवानी उर्फ चट्टू भाई पड़ोसी की मोटरसाइकिल लेकर सोमवार को लगभग 3 बजे अपने परिजनों का इलाज कराने बाइक से जिला अस्पताल पहुंचे थे जब इलाज कराने के बाद वह बाहर निकले तो उनकी बाइक मौके से गायब थी उन्होंने जिला अस्पताल के जिम्मेदारों से संपर्क किया और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जिसमें उनकी बाइक ले जाते चोर दिख रहा है इसके पहले भी बाइक चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है जनपद में आए दिन बाइक बरामद कर पुलिस खुलासा करती है लेकिन स्थानीय बाइक चोर और क्षेत्र में चोरी हुई बाइक नहीं बरामद हो पाती है गैर क्षेत्र में चोरी हुए वाहन जिले से बरामद हो रहे हैं स्थानीय जोरों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर उपनिरीक्षक चंदन सिंह पहुंचे हैं और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से उन्होंने जांच की है लेकिन बाइक चोर का पता नहीं लग सका है।

# मिशन शक्ति 4.0 के तहत अप्रैल से जून तक आयोजित होंगी विविध गतिविधियां

## महिला कल्याण की 100 दिवसीय विशेष कार्य योजना को जन-जन तक पहुंचाने पर होगा फोकस, ब्लाक स्तर पर स्वावलम्बन कैम्प आयोजित कर पहुंचाया जाएगा योजनाओं का लाभ, सीफार संस्था के सहयोग से राज्यस्तरीय व मंडलस्तरीय जागरूक मीडिया वर्कशॉप का होगा आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महिला कल्याण विभाग ने प्रदेश में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति फेज 4.0 के तहत 100 दिवसीय विशेष कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत अप्रैल से जून माह तक पूरे प्रदेश में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी । इस सम्बन्ध में निदेशक महिला कल्याण मनोज कुमार राय ने सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा के बारे में अवगत कराया है मनोज राय के मुताबिक मिशन शक्ति 4.0 में जन जन तक पहुंच कर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ देना हमारा मुख्य उदेश्य है। उक्त जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दी है।

गतिविधियों में 13 से 21 अप्रैल के बीच जनपदों द्वारा ब्लाक स्तर पर एक दिवसीय भव्य स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन कर मिशन शक्ति 4.0 की विधिवत शुरूआत की जायेगी व प्रत्येक 15 दिवसों के अंतर पर ऐसे कैम्प आयोजित किये जायेंगे। कैम्प के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में जानकारी देने के साथ ही पात्र लोगों का चिन्हांकन करते हुए लाभ भी पहुंचाया जायेगा।

इन कैम्पों के माध्यम से सरकारी योजनाओं के दायरे में आने वाले परिवारों, महिलाओं और बच्चों के आवेदनों की समस्त कार्यवाही ह्यइन वन विंडो कैम्पसह्ल के माध्यम से पूरी की जायेगी कैम्प में फार्म भरने से लेकर सत्यापित करने और स्वीकृत करने वाले सभी अधिकारी व कर्मचारी को उपस्थित रहना होगा ताकि पात्र लोगों को वहीँ पर लाभ दिलाने की कार्यवाही पूरी की जा सके । कैम्प के आयोजन के बारे में समुदाय को अवगत कराने के लिए प्रचार-प्रसार के माध्यमों का बेहतर इस्तेमाल किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो सकें और योजनाओं का लाभ ले सकें हर ग्राम सभा के प्रधान व बाल संरक्षण समिति को भी सक्रिय किया जाएगा ताकि हर ग्रामीण को कैम्प के आयोजन की जानकारी हो सके।

### मेगा इवेंट-जागरूक मीडिया एडवोकेसी वर्कशॉप :

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति 4.0 के तहत 22 अप्रैल को मुख्यालय महिला कल्याण के तत्वावधान में सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से लखनऊ में मेगा इवेंट का आयोजन किया जायेगा । इसके तहत राज्यस्तरीय ह्यजागरूकह्ल मीडिया एडवोकेसी वर्कशॉप का आयोजन किया जायेगा । इसी क्रम में 26 अप्रैल से 30 जून के मध्य सभी मंडलों में सीफार संस्था के सहयोग से मंडल स्तरीय ह्यजागरूकह्ल मीडिया एडवोकेसी वर्कशॉप का आयोजन किया जायेगा । इन वर्कशॉप के माध्यम से विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने पर मीडिया के साथ विचार विमर्श होगा।

### अन्य प्रमुख गतिविधियां :

**कौशाम्बी।** एक मई को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम दिवस और तीन मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर एक से सात मई तक बाल विवाह व बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता व रेस्क्यू के लिए ह्यआपरेशन मुक्तिह्ल वृहद आयोजन किया जायेगा । 13 मई को प्रत्येक ग्राम सभा स्तर पर बच्चों और महिलाओं सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता व विचार-विमर्श हेतु प्रधान सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे । 26 से 28 मई के बीच लिंगानुपात पर जागरूकता के लिए समस्त ग्राम सभाओं में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गुड्डा-गुड्डी बोर्ड की स्थापना की जायेगी । दो जून को मेगा इवेंट ह्य हक की बात जिलाधिकारी के साथह्ल का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन और दहेज हिंसा आदि के सम्बन्ध में संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझाव व सहायता के लिए दो घंटे का पारस्परिक संवाद आयोजित किया जाएगा । 30 जून को मेगा इवेंट ह्यअनंताह्ल का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रेरक महिलाओं और बालिकाओं की पहचान की जायेगी और सम्मान किया जाएगा।

# मऊ मानिकपुर विधायक का भरसवा गांव में हुआ जोरदार स्वागत



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चित्रकूट के मऊ मानिकपुर विधायक ब्राह्मण शिरोमणि अविनाश चंद्र द्विवेदी लल्ली महाराज आज अपने समर्थकों के साथ भरसवा गांव में मनोज मिश्रा एडवोकेट के आवास पर पहुंचे जहां समर्थकों ने बड़ी गर्मजोशी ढोल नगारा के साथ लल्ली महाराज का स्वागत किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ब्राह्मणों के लिए यह परिवार हमेशा हितैसी रहा है और कौशांबी के गौरव को बढ़ाने में हमेशा अपना योगदान करता रहा है उन्होंने कहा कि मानिकपुर से जीत कौशांबी वासियों के आशीर्वाद से मिली है इस जीत पर हमें गर्व है हम इस परिवार के साथ काम करते हुए कल से अपने समर्थकों के साथ उनके आवासों को आने-जाने का सिलसिला विधायक का चल रहा है उसी कड़ी में आज भरसवा के मनोज मिश्रा के आवास पर पहुंचे इस मौके पर आयोजक मनोज कुमार मिश्र एडवोकेट अरविंद ओझा ,सुनील तिवारी, सोनू तिवारी जितेंद्र तिवारी बहादुरपुर, नरेंद्र सिंह, अशोक मिश्रा पूर्व प्रधान यूनो ,लक्ष्मीकांत त्रिपाठी एडवोकेट महेंद्र मिश्रा गुड्डू, दीपक मिश्रा एडवोकेट ,सोनू पांडे, राजकुमार ओझा, पप्पू गर्ग ,अजय पांडे ,राजू तिवारी, शारदा प्रसाद मिश्र बबलू, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन वेद प्रकाश पांडे ने किया।




स्कूल चलो अभियान की रैली निकालते छात्र

# स्कूल चलो अभियान में पचामा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निकाली गई जागरूकता रैली

**कौशाम्बी।** सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने और छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है सरकार के निर्देश पर स्कूल चलो अभियान की शुरूआत गांव-गांव कर दी गई है स्कूल के छात्रों द्वारा सरकारी स्कूल की जन जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा की ओर ग्रामीण बच्चों को जागरूक किया जा रहा है मंगलवार को सरसवा ब्लाक अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचामा के छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छोटे- नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर अभियान की जागरूकता फैलाई है हाथ में बैनर लेकर नारे लगाते हुए स्कूली बच्चे गांव की गलियों में घूमे हैं अभियान के दौरान गांव की गली गली में विद्यालय के शिक्षकों छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों को जागरूक किया इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश सिंह रोहित सिंह राजेंद्र सिंह राहुल वर्मा धीरेंद्र सिंह आदि विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# तीन दशक से अलवारा झील से मालामाल हो रहे हैं अधिकारी

## 70 किलोमीटर दायरे में फैली अलवारा झील की सुध लेने वाले हुए बेसुध



सुशील केशरवानी

**कौशाम्बी।** ऐतिहासिक धरोहर की सुधि लेने वाले बेसुध हो गए हैं जिससे ऐतिहासिक धरोहर संरक्षित और सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रही है अराजक तत्वों द्वारा ऐतिहासिक धरोहर से होने वाली आमदनी को हजम कर मालामाल होने की योजना बनाई गई है संरक्षित संपत्तियों से होने वाली आमदनी से अधिकारी भी खामोश है मामला अलवारा झील का है।

बताते चलें कि जिले के दक्षिणी किनारे पर यमुना नदी के क्षेत्र में 12 किलोमीटर लंबे दायरे में 6 किलोमीटर चौड़ाई में अलवारा झील का क्षेत्रफल है और यह झील कुछ स्थानीय लोगों के साथ-साथ राजस्व विभाग के कुछ लोगों की आय का साधन बनकर रह गई है अलवारा झील के सौंदर्यीकरण की योजना वन विभाग द्वारा कई बार बनाई गई सर्वे और जांच के नाम पर धन और समय भी बर्बाद किया गया साइबेरियन पक्षियों का भी यहां बसेरा है लेकिन योजना से जुड़े लोगों के निजी लाभ में व्यवधान पड़ने के चलते सौंदर्यीकरण की योजना अमलीजामा नहीं पहन सकी।

प्रशासनिक उपेक्षा के चलते अलवारा झील के कुछ हिस्सों में ग्रामीणों ने कब्जा कर खेती किसानी शुरू कर दिया है और राजस्व कर्मी उनके बचाव में उर्जा लगाते हैं अलवारा झील में कुछ लोगों ने मछली पालन शुरू कर दिया है अलवारा झील से प्रतिदिन बड़ी तादात में मछली निकालकर बेची जा रही है लेकिन झील की सुधि लेने वाले अधिकारी बेसुध पड़े हुए हैं इतना ही नहीं झील के अगल-बगल गांजे की भी खेती कई दशक से क्षेत्रीय लोग कर मालामाल हो रहे हैं लेकिन उस पर भी विभाग के लोग अनजान बने हैं अलवारा झील में कमल के फूल की खेती होती है कमल के फूल कमल गट्टा और इसके पत्तों को बेचकर करोड़ों की कमाई की जाती है लेकिन इस मामले से भी प्रशासन बेखबर है साइबेरियन पक्षी का अलवारा झील में बसेरा है जिसका शिकार कर लाखों की आमदनी शिकारी कर रहे हैं लेकिन इस मामले से भी प्रशासन बेखबर है।

मंझनपुर तहसील क्षेत्र के भगत का पूरा डूडी रानीपुर हटवा भवनसुरी भारतपुर शाहपुर बैरागी पुर जमुनापुर टिकरा पौर काशीरामपुर अलवारा आदि गांव के बीच के हजारो एक-ड़ के हिस्से में अलवारा झील स्थापित है बीते तीन दशक पूर्व अलवारा झील की पैमाइश की आवाज बुलंद हुई अलवारा झील की पैमाइश करा कर इसे सुरक्षित संरक्षित किए जाने की कई बार सामाजिक लोगों ने आवाज बुलंद की लेकिन तीन दशक का समय बीत जाने के बाद भी अलवारा झील की पैमाइश राजस्व विभाग के अधिकारी नहीं कर सके आखिर अलवारा झील की पैमाइश से राजस्व विभाग के अधिकारी दूर भागते क्यो दिखाई पड़ रहे हैं सूत्रों की माने तो अलवारा झील से होने वाली आमदनी में बड़ा हिस्सा राजस्व विभाग तक भी पहुंच रहा है जिससे आमदनी में खलल ना पड़े इसलिए अलवारा झील की पैमाइश तीन दशक बाद भी पूरी नहीं हो सकी है 6 महीने पहले पैमाइश की शुरूआत की गई थी लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया है अलवारा झील में बड़ी संख्या में मछली हैं और स्थानीय लोगों द्वारा मछली निकाल कर बेचा जाता है जिससे लाखों रुपए की आमदनी होती है अलवारा झील से मछली बेचे जाने के मामले में नियमों की घोर अनदेखी की जा रही है अलवारा झील की मछली बेचे जाने के मामले में यदि जांच हुई तो कई लोगों के चेहरे बेनकाब होंगे अलवारा झील की कमाई से लोग करोड़ों में खेलने लगे हैं। पर्यटन विभाग ने भी झील के सौंदर्यीकरण की कवायद शुरू की थी लेकिन सौंदर्यीकरण की पत्रावली दम तोड़ती दिख रही है अलवारा झील से बड़ी संभावनाएं हैं और सरकार एक बार अलवारा झील को संरक्षित सुरक्षित करने की योजना को गति देना शुरू कर दे तो सरकार को बदलाबराजस्व का लाभ भी हो सकता है एक बार फिर सामाजिक लोगों ने अलवारा झील की पैमाइश कराने इसे सुरक्षित और संरक्षित किए जाने के साथ-साथ अलवारा झील से होने वाली आमदनी को सरकार के खजाने में जमा करने की मांग की है।

संपादकीय

# सुनियोजित थी दिल्ली हिंसा?

**बुनियादी** सवाल यही है कि दिल्ली हिंसा सुनियोजित थी? यह ट्रेलर मात्र है, पिक्चर अभी शेष है? या इसकी नींव राजनीतिक स्वार्थ को ध्यान में रखकर राजनीतिक शास्त्र ने रखी। घटना के बाद ऐसे कुछ सवाल उठ रहे हैं। सवाल उठने भी चाहिए, आखिर ऐसा क्या है जो किस्तों में कुछ अंतराल के बाद राजधानी में ऐसे फसाद होते रहते हैं। तब तो और जब चुनावों की सुगबुगाहट होने लगती हैं। कुछ समय बाद दिल्ली में एमसीडी चुनाव होने हैं। इसलिए कड़ियां आपस में काफी हद तक मेल खाती हैं। राजधानी की हिंसा सुनियोजित थी या नहीं? ये सवाल पुलिस पर छोड़ देते हैं। पर, दूसरे सवाल का जवाब हम खुद खोजेंगे। आखिर कौन सौहार्द्रपूर्ण माहौल में जहर घोल रहा है। 16 अप्रैल की शाम को जब दिल्ली में हिंसा हो रही थी, उसी वक्त सोशल मीडिया पर दो बेहद खूबसूरत तस्वीरें हम सबको दिख रही थीं, जिसमें हनुमान जन्मोत्सव के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग रैली में शामिल लोगों पर फूल बरसा रहे थे, कोल्ड ड्रिंक और पानी की बोतलों का वितरण कर रहे थे। ये तस्वीरें उत्तर प्रदेश के शामली और नोएडा की हैं। शामली में हिंदू-मुस्लिम भाईचारा काफी समय बाद दिखा। घटना वाला इलाका जहांगीरपुरी दिल्ली का ऐसा आवासीय क्षेत्र है जहां बेहद गरीब तबके लोग रहते हैं, दिहाड़ी-मजदूरी करके अपना पेट पालते हैं, उन्हें राजनीति, दंगा-फसादों से कोई मतलब नहीं। लेकिन हनुमान जन्मोत्सव के दिन लोगों ने उन्हें उकसा कर इसे अंजाम दिलाया। जहां हिंसा हुई, वहां दोनों तरफ आमने-सामने मंदिर और मस्जिद हैं, हिंदु-मुसलमान मिलजुल कर रहते आए हैं। किसी तरह की दिक्कत आजतक नहीं हुई। घटना कैसे हुई, इसे वहां के लोग समझ नहीं पाए हैं। हिंसक घटना के बाद से समूचा इलाका भयभीत है। हर तरह के काम-धंधे बंद हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इलाके को छावनी में तब्दील कर धारा 144 लगा दी गयी है। गलियों के गेट पर ताला जड़ दिया है। स्कूल, प्रतिष्ठान, दुकानें, बाजार सब बंद हैं। हिंसा को लेकर जमकर सियासत होनी शुरू गई है। पक्ष-विपक्ष की ओर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है। जबकि, इस वक्त सिर्फ और सिर्फ समाधान की बात होनी चाहिए। पर, लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने की फिराक में हैं। कोई एक दल नहीं, बल्कि सभी पार्टियां मौके का फायदा उठाना चाहती हैं। लेकिन अंदरखाने राजधानी के हालात अच्छे नहीं हैं। इसके बाद भी कुछ अंदेशे ऐसे दिखते हैं जो सुखद नहीं। ये तय है कि जो हिंसा हुई, वह अचानक होने वाली घटना नहीं थी। इलाके के कई लोग तो खुलेआम बोल रहे हैं कि अगर पुलिस सतर्क होती तो घटना नहीं होती। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं जब लोग हिंसक हो रहे थे, तब पुलिसकर्मी तमाशबीन बने हुए थे। लोगों के हाथों में धारदार हथियार थे, पत्थर थे। दोनों तरफ से जब पथराव शुरू हुआ तो सबसे पहले लोगों ने पुलिसकर्मियों को ही निशाना बनाया, जिसमें कई पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग घायल हुए। घायलों का इलाज पास के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले पर एफआईआर दर्ज की हैं जिसमें मुस्लिम समुदाय के 14 लोगों को नामजद किया गया है जिसमें प्रमुख नाम मोहम्मद अंसार है, जिसने सबसे पहले विरोध शुरू किया था।

# अखिलेश के नेतृत्व क्षमता पर प्रश्नचिन्ह

ललित गर्ग

ऐसे में इस समुदाय को उम्मीद थी कि वह खुलकर उनके पक्ष में खड़े होंगे। लेकिन विधान परिषद की 36 सीटों पर हुए चुनाव में महज चार मुसलमानों को टिकट देकर सपा ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है। इसके बाद से संभल से सपा सांसद शफीकुर्रहमान वर्क और आजम खान के मीडिया प्रभारी फसाहत अली खान उर्फ शानू ने पार्टी पर निशाना साध कर सियासी हलचल के संकेत दे दिए हैं। इसी तरह शिवपाल यादव की भाजपा से बढ़ती नजदीकियों के बाद समान नागरिक संहिता की उनकी मांग सपा के लिए मुसीबत बनने वाली है। शिवपाल यादव के साथ अगर थोड़ा भी यादव वोट भाजपा की ओर सरक गया तो मुस्लिम वोट भी उनके पाले में नहीं ठहरेगा

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा चुनाव नतीजे के बाद से सपा मुखिया अखिलेश यादव नित नए राजनैतिक संकट से घिरते जा रहे हैं। पार्टी की कमान संभालने के बाद हुए एक लोकसभा और दो विधानसभा चुनावों में पार्टी के शर्मनाक प्रदर्शन ने उनकी नेतृत्व क्षमता पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। अब सैफई परिवार से लेकर पार्टी संगठन तक में उनके खिलाफ विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में असंतोष के कारण नेतृत्व के फैसलों में ही दिखाई देते हैं। दरअसल समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बने चाचा शिवपाल सिंह यादव को ह्याहरी मानते हुए पार्टी विधायकों की बैठक में न बुलाकर अखिलेश यादव ने अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी के कद्दावर मुस्लिम नेता मोहम्मद आजम खां कई साल से जेल की सलाखों के भीतर हैं लेकिन पार्टी ने इसके खिलाफ कभी आवाज बुलंद नहीं की। पार्टी के भीतर खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे तमाम कद्दावर नेता और उनके समर्थक अखिलेश यादव के नेतृत्व और उनकी नीतियों के खिलाफ बोलने लगे हैं। जिसके चलते भाजपा जैसे शक्तिशाली राजनैतिक विरोधी का सामना करने की रणनीति खोजने में जुटे अखिलेश यादव को अब कुनबा बचाने की चुनौती से भी जूझना पड़ रहा है। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को विकसित करने वाले शिवपाल यादव और आजम खान जैसे नेता अखिलेश के नेतृत्व में खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव 2012 में समाजवादी पार्टी की शानदार जीत के बाद मुलायम सिंह ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर अखिलेश यादव को बैठा दिया था। पिता की विरासत के तौर पर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी तो हासिल हो गई लेकिन पार्टी संगठन और सरकार पर वह अपना प्रभाव स्थापित नहीं कर सके। इसी के चलते उनकी सरकार साढ़े चार मुख्यमंत्रियों की सरकार कहलाती थी। इसमें चार मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, शिवपाल यादव, प्रो. रामगोपाल यादव और आजम खान माने जाते थे जबकि खुद अखिलेश यादव की हैसियत आधे मुख्यमंत्री की समझी जाती थी। खुद को मजबूत साबित करने के लिए उन्होंने जनवरी 2017 में मुलायम सिंह यादव को हटाकर पार्टी के अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया और चाचा शिवपाल यादव को पार्टी से बाहर कर दिया। इसके बाद शिवपाल यादव ने प्रगतिशील



समाजवादी पार्टी बना ली। सरकार और संगठन पर एकछत्र राज स्थापित करने के बाद अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकांश नेताओं के पर कतर दिए। लगभग पूरे प्रदेश में नए सिरे से पार्टी संगठन तैयार किया गया। विधानसभा चुनाव 2017 में उन्होंने कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन किया। लेकिन अखिलेश और राहुल गांधी की जोड़ी के भरसक प्रयास के बावजूद समाजवादी पार्टी महज 47 सीटों पर सिमट कर रह गई। इसके बाद लोकसभा चुनाव 2019 में सारी राजनैतिक कटुता को भुलाकर उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती से चुनावी गठबंधन किया। मतभेद खत्म होने का संदेश देने के लिए उन्होंने अपनी पत्नी डिम्पल यादव से मंच पर मायावती का चरण वंदन भी करवाया लेकिन राजनैतिक नजरिए से इतने बड़े गठबंधन का भी समाजवादी पार्टी को कोई लाभ नहीं मिला। लोकसभा चुनाव 2014 का प्रदर्शन दोहराते हुए एकबार फिर सपा सिर्फ पांच सीटों पर सिमट कर रह गई। खास बात यह रही कि इन चुनावों में उनकी पत्नी डिम्पल यादव, चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव और उनके सबसे बड़े सलाहकार रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव तक चुनाव हार गए। विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर अखिलेश यादव और उनकी पार्टी खासी उत्साहित थी। नागरिकता संशोधन कानून और कृषि कानूनों के विरोध में हुए कथित किसान आंदोलन ने भी उन्हें नई ऊर्जा दी। इस बार पिछली ह्यगलतियोंह्न से सबक लेते हुए उन्होंने ऐलान किया कि वह किसी भी बड़े दल से गठबंधन नहीं करेंगे। उन्होंने जाटों में प्रभाव वाले रालोद समेत विभिन्न जातीय प्रभाव वाले राजनैतिक दलों का गठबंधन तैयार किया। लेकिन लगातार सपा से गठबंधन का प्रस्ताव देने वाले चाचा शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से चुनावी समझौता नामांकन शुरू होने के चंद रोज पहले ही हो सका। समझौते से पहले तक अपने साथियों के सम्मान की बात कहने वाले शिवपाल यादव ने अखिलेश यादव के किसी भी फैसले पर सवाल खड़े नहीं किए। समाजवादी पार्टी से समझौता करते समय शिवपाल सिंह यादव ने अखिलेश यादव को अपनी पार्टी के नेताओं की सूची सौंपते हुए कहा था कि वह मजबूत और जिताऊ प्रत्याशी के चयन के लिए जमीनी हकीकत का सर्वेक्षण कराते समय इन नेताओं के नाम पर भी विचार कर लें और जो बेहतर स्थिति में हो उन्हें टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा जाए। लेकिन अखिलेश यादव ने सिर्फ शिवपाल यादव को सपा का उम्मीदवार बनाया। उनके बेटे आदित्य यादव को भी टिकट नहीं दिया गया। इतना ही नहीं प्रसपा में नंबर दो की हैसियत रखने वाले पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव वीरपाल सिंह यादव को भी टिकट नहीं दिया गया। जबकि वीरपाल यादव सपा के राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। लम्बे समय तक जिलाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने बरेली क्षेत्र में सपा को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था। वह विधानसभा चुनाव 2017 में 76886 वोट हासिल कर-के दूसरे स्थान पर रहे थे। पूरे रूहेलखण्ड परिक्षेत्र के यादवों में खास प्रभाव रखने वाले वीरपाल सिंह यादव के अनुभव और प्रभाव का चुनाव में इस्तेमाल करने के बजाय महज एक विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाकर उन्हें चिढ़ाने का प्रयास किया गया। पार्टी के सबसे कद्दावर मुस्लिम नेता आजम खान को लेकर अखिलेश यादव कोई स्पष्ट नीति नहीं बना सके हैं। वे उनसे नजदीकी जाहिर नहीं करना चाहते लेकिन मुस्लिम वोटों के छिटकने के डर से वह उनसे दूरी भी नहीं बना पा रहे हैं। जेल में बंद होने के बावजूद आजम खान को रामपुर और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को स्वार सीट से चुनाव लड़ाया गया। लेकिन वह यह स्पष्ट तौर पर कहने को तैयार नहीं हैं कि आजम खान पर लगाए गए आरोप सही हैं या फिर उन्हें राजनैतिक बदले की भावना से जेल में डाला गया है। क्योंकि इस सवाल का जवाब देते ही उनसे पूछा जाएगा कि अगर वह आरोप सही हैं तो उन्हें पार्टी ने टिकट क्यों दिया और अगर आरोप झूठे हैं तो अपने नेता के बचाव के लिए पार्टी ने सड़कों पर उतर कर संघर्ष क्यों नहीं किया। इसके अलावा भोजीपुरा से विधायक शहजिल इस्लाम और कैराना से विधायक नाहिद हसन के परिवार की सम्पत्तियों पर बाबा का बुलडोजर चलने के बावजूद अखिलेश यादव की खामोशी से मुस्लिम समाज में बेचैनी है। विधानसभा चुनाव में इस बार अधिकांश बूथों पर सपा को 90 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम वोट हासिल हुए हैं। ऐसे में इस समुदाय को उम्मीद थी कि वह खुलकर उनके पक्ष में खड़े होंगे। लेकिन विधान परिषद की 36 सीटों पर हुए चुनाव में महज चार मुसलमानों को टिकट देकर सपा ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है। इसके बाद से संभल से सपा सांसद शफीकुर्रहमान वर्क और आजम खान के मीडिया प्रभारी फसाहत अली खान उर्फ शानू ने पार्टी पर निशाना साध कर सियासी हलचल के संकेत दे दिए हैं। इसी तरह शिवपाल यादव की भाजपा से बढ़ती नजदीकियों के बाद समान नागरिक संहिता की उनकी मांग सपा के लिए मुसीबत बनने वाली है। शिवपाल यादव के साथ अगर थोड़ा भी यादव वोट भाजपा की ओर सरक गया तो मुस्लिम वोट भी उनके पाले में नहीं ठहरेगा। ऐसे में अखिलेश यादव को सपा की सबसे बड़ी ताकत एमवाई समीकरण बचाना अत्यंत दुश्कर हो जाएगा।

# समाचार चैनल देख-देखकर जुबान की धार तेज हो गई

सुरेश कुमार मिश्रा

**हमारे** एक मित्र हैं। आए दिन समाचार चैनल देख-देखकर उनके जुबान की धार बहुत तेज हो गई है। कभी-कभी लगता है कि साग-सब्जी भी अब इसी से काटते हैं। वैसे भी जहाँ धारदार जुबान हो वहाँ मुंड चाकुओं के होने का क्या मतलब? वे अक्सर मुझसे कहते रहते हैं कि लड़ाने को यों कुछ भी लड़ाया जा सकता है, पर जुबान लड़ाने का मजा ही कुछ और है। सुनने में बड़ा अजीब लगता है लेकिन किसी के आगे जुबान लड़ा कर देखिए। या तो बिगड़े काम बन जायेंगे। या फिर बने बनाए काम बिगड़ जायेंगे। यह सब जुबान लड़ाने वाले के कौशल पर निर्भर है कि वह कितनी अच्छी तरह से जुबान लड़ा सकता है। जुबान लड़ाना एक कला है। इसके लिए साधना करनी पड़ती है। ऋषि-मुनि की तरह। अंतर केवल इतना है कि वे ऋषि-मुनियों को एकांत की आवश्यकता पड़ती है, जबकि जुबान लडाने वालों को भीड़ की। चुनावी रैलियों, चाय की टपरी, नुक्कड़ो-चौराहों पर यह माहौल बना-बनाया मिलता है। शरीर में जुबान ही एक ऐसा अंग है जिसमें हड्डी नहीं होती है। इसलिए दुनियाभर के इंसान अलग-थलग हैं। जुबान लड़ाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी शास्त्रीय व्याख्या बहुत जरूरी है। आप कल्पना करके देख सकते हैं कि यदि कोई व्यक्ति कुछ बोल रहा हो और उसकी बात को काटकर अपनी जुबान लड़ा दें तो स्वाभाविक है कि सामने वाली की ऐसी-तैसी होनी ही है। आखिर जुबान लड़ाने का अर्थ क्या है? अर्थ इसका काफी विस्तृत है, इसलिए विविधता भी पाई जाती है। जरूरी नहीं कि आप जिस कारण कहीं जुबान लड़ाते हो, हम भी उसी कारण से लड़ाएँ। अर्थात यह लड़ाने वाले की नीयत पर निर्भर करता है। फिर भी, एक सार्वजनिक अर्थ इसका है, अनावश्यक हस्तक्षेप करना। कोई चाहे, न चाहे, जरूरत हो, न हो। दूसरों के मामलों में दखलअंदाजी करना। यह महज एक सामान्य और सतही अर्थ है। इसके अर्थ की व्यापकता की कोई सीमा नहीं है। यह पूरी तरह जुबान लड़ाने वाले की सुविधा, इच्छा और जरूरत पर निर्भर करता है। अब रही बात कि जुबान लड़ाने की जरूरत क्या है? यह एक शौक है, आदत है या बीमारी? देखिए, पहले इसकी शुरूआत तो एक शौक के रूप में होती है और अंत बीमारी में। जिसको यह शौक होता है, उसे जुबान लड़ाने में मजा आने लगता है। जब इसकी आदत पड़ जाती है, तब वह अवसर ढूँढ़ने लगता है।

जब इसकी लत पड़ जाती है, तब उसे जुबान लड़ाए बिना चैन नहीं पड़ता है और अंत में जब बीमार पड़ जाता है, उस अवस्था में, बिना लड़ाए भी लड़ता ही रहता है। यह जुबान लड़ाने का क्लाइमेक्स है। प्रायः हमने देखा होगा कि कुछ लोग बुढ़ापे में दिन-रात बड़बड़ाते रहते हैं।

ऐसे लोगों को यह आदत जवानी में जुबान अड़ाने से आती है, जो बुढ़ापे तक आकर बीमारी का रूप धर लेती है। कोई सुने, न सुने, वे बोलते ही रहते हैं। पहले जहाँ दूसरों को सुनाते थे, अब खुद ही सुनते हैं। सुना है कि विदेशों में लोगों को जुबान लड़ाने की आदत नहीं होती है। पता नहीं, वे फिर जीते कैसे हैं। हम बिना जुबान लड़ाए एक क्षण भी नहीं रह सकते हैं। जुबान लड़ाने को हम अपनी सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी समझते हैं। इस जिम्मेदारी का एहसास हममें इतना गहरा होता है कि हम प्रायः अपना काम-धंधा छोड़कर भी, जुबान लड़ाने का नैतिक दायित्व पूरी ईमानदारी से निभाए चलते हैं। जहाँ तक जुबान लड़ाने की शैली की बात है, वह सबकी अलग होती है। जो लोग इसका अभ्यास शुरू करना चाहते हैं, वे भूलकर भी, सचमुच किसी के सामने साक्षात अपनी जुबान नहीं लड़ाते। इससे मूल लक्ष्य बाधित होता है और हमारे हाथ-पैर या सिर के खंडित होने का खतरा भी उत्पन्न हो जाता है, क्योंकि किसी के सामने अपनी जुबान लड़ा देने पर, यह जोखिम हो जाता है कि वह इसका सार्थक उपयोग करते हुए कहीं हमें उठाकर पटक ही न दे। जुबान लड़ाना पूरी तरह से एक मानसिक प्रक्रिया है, इसलिए यह बात करने से अधिक शास्त्रीय है।

## अभिव्यक्ति

# संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप सरकारों की रचना

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**भारत** ने अपनी संवैधानिक यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। इस अवधि में प्रजातंत्र की जड़ें यहां गहरी हुई है। प्रमुख लोकतांत्रिक देशों में भारत प्रमुख रूप से शामिल है। यहां संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप सरकारों की रचना होती है। संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग' शब्दावली से शुरू होती है। भारत के लोग ही चुनाव के माध्यम से जनादेश देते हैं। भारत से अलग होकर निर्मित पाकिस्तान को आज तक संवैधानिक व्यवस्था पर चलने का सलीका नहीं आया। वहां निर्वाचित सरकार भी सेना के नियंत्रण में रहती है। सैन्य कमांडर की नजर तिरछी होने के बाद निर्वाचित प्रधानमंत्री को भी कुर्सी छोड़नी पड़ती है। यह स्थिति तब रहती है जब सेना का सीधे सत्ता पर नियंत्रण नहीं रहता है। लगभग आधे समय तक वहां की सत्ता पर सेना के जनरल का नियंत्रण रहा है। भारत ने प्रजातंत्र के उच्च प्रतिमान स्थापित किये हैं। सभी प्रधानमंत्रियों ने अपने-अपने तरीके से कार्य किया। कई बार नेकनीयत से किये गए कार्यों के भी बेहतर परिणाम नहीं मिलते हैं। भारत की संवैधानिक व्यवस्था में भी ऐसे तथ्य दिखाई देते है। यहां लोकप्रियता के शिखर पर रहे जवाहर लाल नेहर, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी व नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने। इनमें इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी को पराजय भी देखनी पड़ी। जबकि जवाहर लाल नेहरू और अभी तक नरेन्द्र मोदी अपराजित रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता पीछे रहने वाले भी प्रधानमंत्री बने। लाल बहादुर शास्त्री को अल्प समय में प्रतिष्ठा मिली। मनमोहन सिंह का उदाहरण सबसे अलग है। वह कभी ग्राम प्रधान या पार्षद का चुनाव नहीं जीते, लेकिन दस वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री रहे। अटल बिहारी वाजपेयी ने करीब दो दर्जन दलों के सहयोग से बेहतरीन सरकार चलाई। इसके पहले एक मत से उनकी सरकार लोकसभा में पराजित हो गई थी। तब उड़ीसा के मुख्यमंत्री ने लोकसभा में बैठकर सरकार के विरुद्ध मतदान किया था। उस समय तक लोकसभा की सदस्यता से उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया था। तकनीकी रूप से उनका मतदान करना भले ठीक रहा हो, लेकिन यह संविधान की भावना के विरुद्ध था। संविधान निमार्ता यह नहीं चाहते थे कि कोई नेता विधानसभा व लोकसभा की कार्यवाही में एक साथ सम्मिलित हो। चरण सिंह, वीपी सिंह, चन्द्रशेखर, देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल राजनीतिक जोड़तोड़ के चलते प्रधानमंत्री बने थे। उनकी ताजपोशी संसदीय व्यवस्था के संख्या फैक्टर से संभव हुई थी। इन सभी प्रधानमंत्रियों की चर्चा चलेगी तब अनेक दिलचस्प तथ्य भी उजागर होंगे।

इनके बाद नरेन्द्र मोदी ने अपना अलग मुकाम बनाया है। उनके कार्यकाल में ऐतिहासिक समस्याओं का समाधान हुआ। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, श्री विश्वनाथ धाम निर्माण, अनुच्छेद 370 व 35 ए, तीन तलाक की समाप्ति हुई। गरीबों को अनेक योजनाओं का अभूतपूर्व लाभ मिला। 40-60 वर्ष से लंबित योजनाओं को पूरा किया गया।

यह संयोग है कि नरेन्द्र मोदी ने ही प्रधानमंत्रियों से जुड़े संग्रहालय का लोकार्पण किया। यह लोकार्पण डॉ. आंबेडकर की जन्म जयंती पर किया गया। वह संविधान के शिल्पी थे। उनकी प्रतिष्ठा में सर्वाधिक कार्य नरेन्द्र मोदी सरकार ने किए हैं। इसमें उनके जीवन से संबंधित स्थलों का भव्य निर्माण किया गया। इसके साथ ही दलित वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ वंचित वर्ग को तक पहुंच रहा है। नरेंद्र मोदी ने डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच स्थानों को भव्य स्मारक का रूप प्रदान किया। इसमें लंदन स्थित आवास, उनके जनस्थान, दीक्षा स्थल, इंदुमिल मुम्बई और नई दिल्ली का अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थान शामिल हैं। यह अपने ढंग का अद्भुत संस्थान है, जिसमें एक ही छत के नीचे डॉ. आंबेडकर के जीवन को आधुनिक तकनीक के माध्यम से देखा-समझा जा सकता है। पिछले दिनों मोदी ने यह संस्थान राष्ट्र को समर्पित किया था।

# क्यों अपराध दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे?

प्रमोद गुप्ता

**सुनते** आए हैं कानून और उसके द्वारा दी गई सजा एक उदाहरण के लिए होती है कि यदि वही व्यक्ति उसे या कोई अन्य व्यक्ति ऐसा अपराध करेगा तो उसके ऐसे परिणाम भुगतने होंगे । लेकिन प्रश्न उठता है की अपराध फिर भी दिनोंदिन क्यों बढ़ते ही जा रहे हैं ।

खैर, हम यहां बात कर रहे हैं पेशी को जाते हुए आखिर क्यों हंसा था आरोपी अंसार । यूं तो किसी के मन में क्या है उसे ठीक-ठीक तो वह व्यक्ति स्वयं ही जानता है या फिर ऊपर वाला । लेकिन फिर भी कुछ कल्पनाएं कुछ अनुमान तो लगाये ही जा सकते हैं । भले ही वह सही या गलत कुछ भी हो सकते हैं । तो आइए पेशी को जाते हुए अंसार के मन से जुड़ने का प्रयास करते हैं । बहुत संभव है कि एक बार तो अंसार के मस्तिष्क में यह भी अवश्य आया होगा कि बुरे फंस गए भाई । लेकिन मन ने तुरंत पलटी मारी होगी । अरे उसने तो देश के 80% जनता को बुरी तरह धमकाया था लेकिन वह बरी कर दिया गया कि यह हेट स्पीच नहीं है और देश में उसे यश मिला फ्री में। वह बात अलग है कि 80% जनता भले ही मन मसोसकर रह जाए । लेकिन मजाल है कि कुछ भी इस बारे में बोल सकें क्योंकि इस बारे में बोलने पर होठों को इस प्रकार भी सिलवाया जा सकता है, जैसे एकलव्य ने कुत्ते के होंठ सिल दिए थे और हां वह जो जेएनयू का बेचारा नन्ना-मुन्ना सा छात्र भी तो हिदायत देकर छोड़ दिया गया था । राष्ट्र की क्या है कोई कुछ भी कहे, बस यही तो खूबसूरत आजादी है हमारे यहां। और फिर यह सब दिल्ली में ही तो हुआ है यह कोई यूपी तो है नहीं, कि बाबा का बुलडोजर चल जाएगा । अरे वाह यह भी अच्छा हुआ कि मैं गिरफ्तार हो गया । अब मैं पुलिस की कस्टडी में सुरक्षित हूं। बाहर रहता तो शायद दूसरे पक्ष का कोई दिलजला मुझ पर हमला भी कर सकता था, वैसे इसके लिए अत्यंत साहस की आवश्यकता होती है।

हां हमने पहला बार सही किया, दूसरे पक्ष को अब पुलिस कुछ नहीं करने देगी लेकिन यार वह भी कोई पक्ष है कुछ करना तो दूर की बात है, ढंग से कुछ कह भी नहीं सकता, पिटकर रो भी नहीं सकता । अब देखो हमारे लोगों को साफ कह दिया कि यह एक तरफा कार्यवाही गलतहो रही है, बावजूद इसके कि अपराध भी हमारी तरफ से एक तरफा ही तो हुआ था और अपने लोग तो हमेशा हम जैसों का साथ देते ही हैं जो जितना जैसा सहयोग कर सकता है करता है या फिर मौन रहेगा। कुल मिलाकर वह हमारा विरोध कभी नहीं करेगा । जेल हो भी जाएगी तो क्या हुआ जेल में ही क्या कोई पहाड़ तोड़ने पड़ते हैं, रोट तोड़ेंगे, मजे की छानेंगे । इतना जरूर है कि बाहर आते ही चुनाव का टिकट पक्का हो गया ।

देखा एक दिन में ही टीवी पर छा गए। लोग यूक्रेन, रूस व अमेरिका आदि सब भूल गए। ऊपर वाले ने भी हमें क्या दिमाग दिया है, शुक्रिया उस ऊपर वाले का। दूसरे की कोख में कोहनी मार कर उनकी पसलियों को तोड़ दो और फिर अपनी कोहनी को सहलाते हुए कहो कि मेरी कोहनी तोड़ दी।

हो सकता है दूसरे पक्ष के लगातार चोट खाते रहकर भी मौन रहते हुए शासन, प्रशासन, न्यायपालिका की ओर निहारते देखकर, अंसार को हंसी आई हो। और शायद वह अब मुस्कुराते हुए अपने आप से कह रहा है अबे अंसार! समझ में नहीं आता कि अधिकांश लोग अपराध करने से डरते क्यों हैं शायद वह नहीं जानते कि रक्षकों को मात्र बिजुकों के बराबर ही अधिकार मिले होते हैं और पकड़ भी लेंगे तो से तो यह कोई सजा नहीं दे सकते।

चालान कर सकते हैं। बस, और फिर जमानत करा कर करते रहिए अपराध पर अपराध अतः आरोपी अंसार का हंसना तो बनता है।

# दलाई लामा कहते हैं जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है

नरविजय यादव

एक पत्रकार मित्र की फेसबुक पोस्ट देखी तो मैं सोच में पड़ गया। उनकी पत्नी ने लिखा था- 'एक अच्छी फैमिली फोटो, क्योंकि हम अक्सर एक साथ समय नहीं बिता पाते हैं और एक शादी के मौके पर हम आज इतने खुश हैं, जितना पहले कभी नहीं थे बंगाली शादियां होती ही ऐसी हैं, वे आपको बेहद खुश कर देती हैं।' मित्र पत्रकार हैं, तो जाहिर है कि परिवार को कम ही समय दे पाते होंगे। पत्रकारों का जीवन होता ही ऐसा है। दुनिया भर की खुशियों और गम में शरीक होते हैं, पार्टियों में जाते हैं, देश-विदेश घूम आते हैं, लेकिन अकेले ही। न तो इतनी छुट्टी मिल पाती है, न इतने पैसे होते हैं कि मनचाहे ढंग से परिवार के साथ घूम-फिर सकें। कहीं दूर चले भी गये तो वापस लौटने पर कुर्सी मिलेगी या छिन जाएगी, इसकी धुकधुकी अलग से लगी रहती है। शाम दफ्तर में बीतती है और पूरा शहर जब सो जाता है, तब घर वापसी होती है, देर रात में। ढंग के पत्रकारों की दिनचर्या ऐसी ही होती है। मुझे सोच में जिस बात ने डाला वो यह थी कि हम आज तक इतने खुश कभी नहीं हुए'। यह तो सचमुच ही चिंताजनक है कि खुश होने के लिए कोई फैमिली किसी शादी में शामिल होने का इंतजार करे। मुझे तो शादी-ब्याह में जाना बहुत भारी सिरदर्दी लगता है। मैं अकेला भी बड़ा खुश रहता हूं। बल्कि हर समय खुश रहता हूं। खुश रहने के पैसे थोड़े ही लगते हैं, न इसके लिए किसी की परमिशन चाहिए होती है। यह तो एक ऐसा निर्णय है, जो स्वयं आपको लेना होता है, कि आप खुश रहना चाहते हैं या नहीं?

जिन्होंने तय कर लिया है कि मुंह लटकाए रहना है, वे तो महल में, पांच सितारा होटल में, या बीएमडब्ल्यू कार में बैठकर भी मुंह लटकाए ही मिलेंगे। दुनिया में एक देश ऐसा है जहां के नागरिक सबसे अधिक खुश रहते हैं। मैं भूटान की बात कर रहा हूं। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा तो हमेशा से कहते आए हैं कि मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य प्रसन्न रहना है।

## सितसिपास ने करियर में 8वीं बार खिताब पर किया कब्जा, फाइनल में फोकिना को 6-3, 7-6 से दी शिकस्त

**मोनाको।** यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने स्पेन के अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-3, 7-6 (3) से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस खिताब फिर से जीत लिया। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में जोकोविच से हारने वाले सितसिपास 2018 में राफेल नडाल के बाद मोंटे कार्लो



खिताब बरकरार रखने वाले दूसरे चैंपियन बन गए। कोरोना महामारी के कारण 2020 में टूर्नामेंट नहीं हुआ था और और 2021 में दर्शकों के बिना टूर्नामेंट खेला गया था। ग्रीस के विश्व नंबर पांच खिलाड़ी सितसिपास ने अपने करिअर का आठवां खिताब जीता। वहीं दूसरे दौर में नोवाक जोकोविच को हराने वाले फोकिना का यह पहला एटीपी फाइनल था । मैच में सितसिपास शुरुआती ब्रेक के बाद पहला सेट जीतने में कामयाब रहे। फोकिना ने दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक में पीछे करके दो बार तोड़ा। लेकिन 23 वर्षीय यूनानी खिलाड़ी ने बढ़त बनाते हुए जोरदार रिवर्स कर सेट अपने नाम कर खिताब को बरकरार रखने में कामयाब रहे। दोनों के बीच 1 घंटे 36 मिनट तक मुकाबला चला। इस साल जनवरी में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में सितसिपास सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार फुटबॉलर की कार दुर्घटनाग्रस्त, सड़क हादसे में बाल-बाल बची जान

**मोनाको।** मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के स्टार फुटबॉलर ब्रूनो फर्नांडीस एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। 27 वर्षीय खिलाड़ी की पोर्शे कार की जोरदार टक्कर हुई। हालांकि गाड़ी




में सवार पुर्तगाली खिलाड़ी को किसी भी तरह की चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बच निकले। वह अपने साथी खिलाड़ियों के साथ जल्दी ही ट्रेनिंग सत्र में जुड़ेंगे। फर्नांडीस की कार दुर्घटना लिवरपुल के खिलाफ प्रीमियर लीग के मैच से एक दिन पहले हुई। हालांकि इस पूरे मामले में उनकी तरफ से किसी भी तरह का बयान नहीं आया है। ब्रूनो जनवरी में स्पोर्टिंग लिस्बन छोड़कर यूनाइटेड से जुड़े थे। वह अभी तक 120 मैचों में 49 गोल कर चुके हैं। उन्होंने मौजूदा सत्र में 40 मुकाबलों में नौ गोल किए हैं। इसके अलावा 14 बार उन्होंने गोल करने में मदद भी की है।

## बीसीसीआई के पूर्व अधिकारी का बड़ा खुलासा, बोले- महिला टीम को मिलती थी पुरुषों की पुरानी जर्सी

**मोनाको।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में क्रिकेट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स (सीओए) के पूर्व चेयरमैन विनोद राय ने भारत में महिला क्रिकेट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने एक मैगजीन से बात करते हुए कहा कि पहले महिला क्रिकेट का हाल बेहद दयनीय था। एक वक्त उन्हें क्रिकेट किट बनाने वाली कंपनी नाइकी को कॉल करके बुलाना पड़ा था और महिला क्रिकेटरों के लिए अलग से जर्सी बनाने का ऑर्डर दिया था। विनोद राय हाल ही में अपनी किताब 'नॉट जस्ट ए नाइटवॉचमैन' के लिए चर्चा में आए थे। इस किताब में उन्होंने क्रिकेट से जुड़े अपने अनुभवों को बताया था। इस किताब में ही विनोद ने विराट कोहली और पूर्व कोच अनिल कुंबले के रिश्ते के बारे में भी बताया था। अब मैगजीन से बातचीत में विनोद ने भारत में महिला क्रिकेट की स्थिति को लेकर बातचीत की। विनोद ने कहा- मुझे नहीं लगता कि महिला क्रिकेट को उतना ध्यान मिलता है, जितना उन्हें मिलना चाहिए। 2006 तक इन्हें गंभीरतापूर्वक भी नहीं लिया जाता था। इसके बाद शरद पवार ने पुरुष और महिला क्रिकेट को एक एसोसिएशन के तहत ला दिया। मुझे तब ये सुनकर काफी हैरानी हुई थी कि पुरुषों की जर्सी को फिर से सिलकर महिलाओं को पहनने के लिए दिया जाता था।

# बटलर का शतक, चहल की हैट्रिक ने कोलकाता को 7 रन से हराया



**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल 2022 का 30वां मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में आज खेला गया। कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीत लिया है और पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी के लिए राजस्थान की टीम ने जोस बटलर की शतकीय पारी के बदौलत 20 ओवरों में 217 रन बना दिए। लक्ष्य का पीछा करने आई कोलकाता की टीम 20 ओवरों में 210 रन ही बना पाई थी और 7 रन से मैच हार गई। इस मैच में चहल ने हैट्रिक समेत 5 विकेट अपने नाम किए।

**राजस्थान रॉयल्स (पहली पारी)**

राजस्थान के लिए जोस बटलर के साथ देवदत्त पड्डिकल ने तेजतर्रार शुरूआत की। बटलर इतने तेज रहे कि उन्होंने पहली 6 ओवर में ही टीम का स्कोर 60 पर ला खड़ा किया था।

कोलकाता की टीम को पहला विकेट सुनील नरेन ने देवदत्त पडिक्कल को आउट करके दिलाया। पडिक्कल 18 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाए। राजस्थान को दूसरी सफलता आंद्रे रसल ने संजू सैमसन को आउट करके दिलाई। सैमसन ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 38 रन की पारी खेली। जोस बटलर ने इस सीजन अपना दूसरा शतक लगाया। शतक लगाने के बाद वह पैट कमिंस की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 61 गेंदों पर 9 चौके और 5 छक्के की मदद से 103 रन की पारी खेली। सुनील नरेन ने अपना दूसरा शिकार रियान पराग को बनाया। कमिंस और मावी की जोड़ी ने बाउंड्री लाइन पर शानदार करतब दिखाते हुए कैच पकड़ा। पराग 5 रन बनाकर आउट हुए।

शिवम मावी ने करुण नायर को आउट करके कोलकाता की टीम को 5वीं सफलता दिलाई। नायर 3 रन बनाकर आउट हुए। शिमरॉन हेटमायर ने 13 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्के की मदद से नाबाद 26 रन की पारी खेली।

**कोलकाता नाईट राईडर्स (दूसरी पारी)**

लक्ष्य का पीछा करने आई कोलकाता नाईट राईडर्स टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और सुनील नरेन शून्य पर रनआउट हो गए। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे एरोन फिंच को प्रसिद्ध कृष्णा ने अपना शिकार बनाया और टीम को दूसरी सफलता दिलाई। फिंच 28 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्के की मदद से 58 रन बनाकर आउट हुए। चहल ने नितिश राणा को आउट करके राजस्थान को तीसरी सफलता दिलाई। राणा 18 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता को आंद्रे रसल से काफी उम्मीदे थी पर अश्विन ने उन्हें शून्य पर आउट करके बड़ी सफलता हासिल की।

युजवेंद्र चहल ने एक ओवर में 4 विकेट लेकर पूरा मैच ही बदल दिया। चहल ने पहली गेंद पर वेंकटेश अय्यर को फिर उसके बाद श्रेयस अय्यर, शिवम मावी और पैट कमिंस को आउट कर हैट्रिक पूरी की। कोलकाता के कप्तान अय्यर ने 51 गेंदों पर 7 चौके और 4 छक्के की मदद से 85 रन की पारी खेली।आखिरी ओवर फेंकने आए मैककॉय ने शेल्डन जैक्सन को आउट करके कोलकाता को 9वां झटका दिया।

## श्रेयस अय्यर ने हार की ठीकरा मढ़ा इसके सिर, कहा - यह हमारे लिए अच्छा नहीं

**मुंबई।** कोलकाता नाईट राईडर्स को रोमांचक मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 218 रन के लक्ष्य का पीछा करने आई कोलकाता की पूरी टीम 210 रन पर ऑलआउट हो गई। इस मैच में राजस्थान के लिए जोस बटलर ने शतक बनाया तो वहीं गेंदबाजी में चहल ने हैट्रिक ली।

मैच के बाद कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि हमने अच्छी शुरुआत की थी। हम रन रेट के हिसाब से चल रहे थे। फिंच भी अच्छे लय में थे और रन बना रहे थे पर उनके आउट होने के बाद हम थोड़ा धीमे हो गए। हमने बीच के ओवर्स में अपनी लय खो दी। पर यह खेल का हिस्सा है। दुर्भाग्यवश हम जीत नहीं पाए। अय्यर ने कहा कि इस मैच में बटलर की पारी कमाल की थी। जिस तरह से उन्होंने गेंदों को मैदान के बाहर मारा वह शानदार था। वह एक क्लासी बल्लेबाज हैं। उन्होंने बहुत ही अच्छी बल्लेबाजी




की। अगर हम उन्हें जल्द आउट कर पाते तो स्कोरबोर्ड कुछ और ही होता। ओस ने आज कोई बड़ा रोल नहीं निभाया। यह विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी थी। अय्यर ने कहा दुर्भाग्यवश ब्रेबोर्न का स्टेडियम हमारे लिए अच्छा नहीं रहा है। उम्मीद करता हूं कि अगले मैच में जोरदार वापसी करेंगे। यहां बहुत दबाव है और मुझे दबाव पसंद है। मैं एक उदाहरण पेश करना चाहता हूं कि फिर वह चाहे स्कोर कुछ भी हो। अगर वे हासिल कर सकते हैं तो हम भी हासिल कर सकते हैं। मैं ऐसा सोचता हूं।

## रिकी पोंटिंग बन सकते हैं इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच - रिपोर्ट

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया को दो बार विश्वकप जिताने वाले कप्तान रिकी पोंटिंग को इंग्लैंड टेस्ट टीम का कोच बनाया जा सकता है। इसका खुलासा एक रिपोर्ट में हुआ है। पोंटिंग को कोचिंग का भी अच्छा खासा अनुभव है। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस और अब दिल्ली कैपिटल्स को कोचिंग दे रहे हैं। इसलिए आसार हैं कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड पोंटिंग को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकता है।

एक रिपोर्ट के अनुसार रिकी पोंटिंग का नाम इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच के लिए सबसे ऊपर चल रहा है। उसके बाद भारत और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन के साथ का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि श्रीलंका के दिग्गज महेला जयवर्धने जो आईपीएल में मुंबई इंडियंस और द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के साथ फ्रेंचाइजी सर्किट पर



कोचिंग का अनुभव है। उन्हें वनडे टीम का कोच बनाया जा सकता है। इस मामले पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि मेरे लिए इस समय क्रिकेट में रिकी पोंटिंग से बेहतर किसी और का दिमाग नहीं है। जो खेल को इतनी अच्छी तरह से पढ़ता है। खेल के सभी महान खिलाड़ी अच्छे कोच नहीं बनते क्योंकि उन्हें पता नहीं होता कि अपना संदेश खिलाड़ियों तक कैसे पहुँचाया जाए। पर पोंटिंग के साथ यह समस्या नहीं है।

## राजस्थान के गेंदबाज मैकॉय ने विकेट चटकाने के बाद किया पुष्पा स्टाईल 'झुकेगा नहीं', वीडियो वायरल

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले विकेट के साथ जश्न मनाने के लिए अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा का सिग्नेचर स्टेप किया। मैककॉय ने कोलकाता के खिलाफ मैच में अपना पहला विकेट हासिल किया।

नाइट राइडर्स ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शेल्डन जैकन को 20वें ओवर में मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में आउट कर दिया।राजस्थान रॉयल्स के लिए 20वां ओवर फेंकने आए ओबेद मैककॉय ने अपनी दूसरी गेंद शेल्डन जैक्सन को आउट करके



टीम को बड़ी सफलता दिलाई। विकेट चटकाने के बाद ही मैकॉय ने पुष्पा स्टाईल में जश्न मनाया। उनका यह जश्न मनाने का तरीका सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।मैकॉय पुष्पा का झुकेगा नहीं स्टेप करने करने वाले पहले खिलाड़ी नहीं हैं। उनसे पहले दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लबोज डेविड वार्नर और रविंद्र जडेजा भी मैच के दौरान यह सीन दोहरा चुके हैं।

फैंस को भी खिलाड़ियों का यह स्टाईल काफी पंसद आता है और वह इसका खूब आनंद लेते हैं। गौर हो कि कोलकाता नाईट राईडर्स के खिलाफ राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जोस बटलर की शतकीय पारी की मदद से 217 रन बनाए। जवाब में कोलकाता की टीम चहल की फिरकी में फंस गई और 210 रन ही बना सकी। चहल ने इस मैच में हैट्रिक समेत 5 विकेट अपने नाम किए।

## खेल के मैदान पर लौटी बार्टी, टेनिस नहीं गोल्फ खेलेंगी




**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया की एशले बार्टी ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर टेनिस को अलविदा कहने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय गोल्फ खेलने का फैसला किया है। बार्टी को न्यूजर्सी में लिबर्टी नेशनल गोल्फ क्लब पर आइकंस सीरिज टूर्नामेंट में अर्नी एल्स रेस्ट आफ वर्ल्ड टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 30 जून और एक जुलाई को खेला जाएगा। बार्टी ने पिछले महीने टेनिस को अलविदा कह दिया था। उन्होंने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन जीता जबकि पिछले साल विम्बलडन और 2019 में फ्रेंच ओपन जीता था।

# IPL में शानदार प्रदर्शन करने वाले इन 5 भारतीय खिलाड़ियों को टीम में मिल सकता है मौका

**पुणे ।** आईपीएल 2022 के दौरान टीम इंडिया से बाहर चल रहे क्रिकेटर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या की बात करें या फिर राजस्थान के स्पिनर युजी चहल दोनों इस समय शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। तो आइए आपको बताते हैं की अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप के दौरान भारत के ऐसे कौन से पांच क्रिकेटर हैं जो की वापसी का दावा करते हुए नजर आएंगे।

**हार्दिक पांड्या**

गुजरात को बतौर कप्तान पॉइंट टेबल पर शीर्ष पर ले जाने वाले हार्दिक पांड्या अपने फैसलों से सब को प्रभावित करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा और उनकी बल्लेबाजी की बात की जाए उन्होंने 5 मैचों में 76 की औसत से 228 रन बनाए हैं जबकि गेंदबाजी करते हुए भी वे 4 विकेट चटका चुके हैं। खास बात यह



है कि वह पीठ की चोट से उबरने के बाद 136 से ज्यादा किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं।

**युजी चहल**

राजस्थान रॉयल्स के लिए यूजी चहल तरुप का पत्ता साबित होते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने 6 मैचों में 17 विकेट लिए हैं और इसी के साथ उन्होंने अपने पास पर्पल कैप बरकरार रखी है। कोलकाता के खिलाफ पिछले मुकाबले के दौरान उन्होंने 5 विकेट ली थी सबसे खास बात यह भी रही कि यू जी ने एक ही ओवर में 4 विकेट ली इसमें आखरी 3 गेंदों पर हैट्रिक भी शामिल है।

**कुलदीप यादव**

चाइनामैन कुलदीप यादव का इस समय दिल्ली कैपिटल्स की टीम पूरा फायदा उठाती हुई दिख रही है। कुलदीप लगातार अच्छी गेंदबाजी से सबको प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने शुरुआती 5 मैच में ही 11 विकेट हासिल किए हैं। सबसे खास बात यह है कि उन्होंने पिछली टीम कोलकाता के खिलाफ गजब का प्रदर्शन करते हुए 35 रन देकर 4 विकेट हासिल की। वह दो बार टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच मैच भी बन चुके हैं।

**टी नटराजन**

चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे टी नटराजनकी गेंदबाजी में एक बार फिर से क्रिकेट फैंस को प्रभावित करते हुए नजर आ रहे हैं। नटराजन स्टिक फेंक रहे हैं जिसका बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने छह मैचों के दौरान 12 विकेट हासिल किए हैं। उनकी तारीफ में इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन भी आए है।

**उमरान मलिक**

उमरान मलिक की अगर बात की जाए तो वह शानदार लय में चल रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि वह इस सीजन में 145 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से औसत गेंदबाजी कर रहे हैं। सीजन की सबसे तेज गेंद 153.3 किलोमीटर प्रति घंटा भी उन्हीं के नाम पर है। उन्होंने 6 मैचों में 9 विकेट हासिल किए हैं।

उनके ही एक ओवर में हैदराबाद की टीम ने 4 विकेट हासिल किए थे। ऑस्ट्रेलिया की तेज पिचों पर वह काफी खतरनाक साबित हो सकते हैं ।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नवजात बेटे की मौत, बेटी को बचाया गया

**लदंन।** फुटबॉल जगत के सबसे बड़े सितारे क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने घोषणा की है कि उनके नवजात बेटे की मौत हो गई है। रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जीना रोड्रिगेज जुड़वा बच्चों की मां बनने वाली थी लेकिन डिलीवरी के वक्त उनके नवजात बेटे की मौत हो गई जबकि बेटी को बचा लिया गया। रोनाल्डो ने पिछले साल अक्टूबर में घोषणा की थी कि वह और उनकी पार्टनर जॉर्जीना जुड़वा बच्चों की उम्मीद में है।बहरहाल सोशल मीडिया पर रोनाल्डो और जॉर्जीना ने एक नोट डाला है। इसमें लिखा है- बड़े दुखी हृदय के साथ यह घोषणा करनी पड़ रही है कि हमारा नवजात बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा। एक मां-बाप होने के नाते यह दर्द असहनीय है। अकेली नवजात बेटी हमारे लिए इस मुश्किल घड़ी में ताकत बनकर आई है जिसने हमें कुछ उम्मीदें दी है। हम डॉक्टर और नर्स के अलावा एक्सपोर्ट केयर का शुक्रिया अदा करते हैं। हम इससे काफी दुखी हैं। हम कहना चाहते हैं इस मुश्किल घड़ी में हमारी प्राइवेसी का ख्याल रखा जाए। हमारा बेबी ब्वॉय हमारा एंजेल था। हम तुमसे हमेशा प्यार करेंगे।

**क्रिस्टीयानो रोनाल्डो और जॉर्जीना रोड्रिगेज**

रोनाल्डो के घर हुई दर्दनाक घटना के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से भी एक ट्वीट किया गया जिसमें लिखा गया कि आपका दर्द हमारा दर्द है क्रिस्टियानो। इस मुश्किल घड़ी में आपको और आपकी फैमिली को प्यार और ताकत मिले। वही इंग्लिश प्रीमियर लीग की ओर से भी एक्टिवेट किया गया जिसमें एक लिखा गया प्रीमियर लीग में मजबूत सभी आपके और आपकी फैमिली के लिए शोक व्यक्त करते हैं। रोनाल्डो की इससे पहले जॉर्जीना के साथ बेटी अलाना भी है जिसका जन्म नवंबर 2007 में हुआ था। बता दें कि रोनाल्डो ने इससे पहले सरोगेसी से जून 2017 में जुड़वा ईवा और मेटियो के पिता बने थे। रोनाल्डो का एक 11 साल का बेटा क्रिस्टियानो जूनियर भी है जिसकी मां के बारे में कभी कोई खुलासा नहीं किया गया।

**शॉपिंग मॉल में पहली बार जॉर्जीना से मिले रोनाल्डो**

बता दें कि क्रिस्टीयानो रोनाल्डो और जॉर्जीना रोड्रिगेज पहली बार एक शोरूम में मिले थे। जॉर्जीना वहां सेल्स गर्ल थी। रोनाल्डो वहां शॉपिंग करने के लिए आए थे। तभी उनकी नजर जॉर्जीना पर पड़ी। दोनों में पहली ही नजर में प्यार हो गया। एक इंटरव्यू के दौरान जो जॉर्जीना ने इस पर बात भी की थी। उन्होंने कहा था कि किसी को यकीन नहीं होता था कि जब मैं काम से छुट्टी करती थी तो एक बड़ी सी गाड़ी में स्टार फुटबॉलर मेरा इंतजार कर रहा होता था।

## भारत के डी गुकेश नें जीता ला रोडा इंटरनेशनल शतरंज 2022 का खिताब

**ला रोडा ,स्पेन।** भारत के 16 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें स्पेन के ला रोडा इंटरनेशनल शतरंज के आखिरी राउंड मे इज़राइल के ग्रांड मास्टर विक्टर मिखालेव्स्की विक्टर को पराजित करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया । 9 राउंड के बाद 7 जीत और 2 ड्रॉ से गुकेश नें कुल 8 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया ,इस जीत से गुकेश नें अब लाइव विश्व रैंकिंग मे पहली बार 2648 अंको के साथ टॉप 100 में प्रवेश कर गए है । अंतिम राउंड मे पहले बोर्ड पर गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए इंग्लिश




ओपनिंग मे मात्र 26 चालों मे विक्टर को हार मानने को मजबूर कर दिया ।

वही दूसरे बोर्ड पर भारत के आर प्रग्गनंधा और टॉप सीड अर्मेनिया के हैक मार्टीरोस्यन के बीच अंतिम राउंड में जोरदार मुक़ाबला हुआ , सफ़ेद मोहरो से खेल रहे प्रग्गानंधा नें निमजो इंडियन ओपनिंग मे बहुत ज़ोर लगाया पर हाथी के एंडगेम में बाजी 37 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटी । 7.5 अंक बनाकर हैक दूसरे तो 7 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर प्रग्गानंधा तीसरे स्थान पर रहे ।

## रूसी जंगी जहाज मास्कोवा की तबाही की झलक आई सामने, जपोरिजिया के 69 नागरिक रूस की कैद में

**कीव।** यूक्रेन युद्ध को 55वां दिन। यूक्रेन ने कुछ वक्त पहले ब्लैक सी में रूस के सबसे बड़े जंगी जहाज मास्कोवा को तबाह कर दिया था। अब शिप की तबाही की झलक लोगों के सामने आई है। यूक्रेन का दावा था उसके मिसाइल अटैक से मास्कोवा डूबा है जबकि रूस का कहना है कि ऐसा आग लगने से हुआ है न कि यूक्रेन के अटैक से। दूसरी तरफ जपोरिजिया की लोकल गवर्नमेंट का दावा है कि रूस ने उसके 155 नागरिकों का किडनैप कर लिया था, जिनमें से 86 को रिहा कर दिया गया। यानी की अभी भी 69 नागरिक रूस की कैद में यूक्रेन पर परमाणु हमले का खतरा भा बढ़ता जा रहा है। रूस-यूक्रेन बॉर्डर के पास रूस के T-160 बॉम्बर देखे गए हैं। इन जेट्स का इस्तेमाल परमाणु बम ले जाने के लिए किया जाता है। जंग में हजारों रूसी सैनिकों की मौत हो चुकी है, जिसके बाद ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन ने आरोप लगाया है कि रूस 16 साल के बच्चों को सेना में भर्ती कर रहा है। रूस सैनिकों ने छीना था फोन, यूक्रेनी सैनिकों ने लौटाया रूसी सैनिकों ने 15 मार्च को सुमी में रहने वाली 10 साल की इवांका का फोन उस वक्त छीन लिया था, जब उनका परिवार शहर छोड़ रहा था। अब यूक्रेनी आर्मी ने रूसी सैनिकों से छीनकर यह फोन इवांका को फिर से लौटा दिया है।

## प्रियांथा कुमारा को मिला इंसाफ:लिंचिंग केस में लाहौर कोर्ट ने 89 लोगों को ठहराया दोषी, 6 को मौत की सजा; 7 को उम्रकैद

**लाहौर।** पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में श्रीलंकाई नागरिक प्रियांथा कुमारा की लिंचिंग मामले में 6 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है। पंजाब प्रांत में लाहौर की एंटी टेररिज्म कोर्ट ने सोमवार 7 अन्य आरोपियों को उम्रकैद और बचे हुए 76 आरोपियों को दो-दो साल कैद की सजा सुनाई। इस मामले में कुल 89 लोगों को दोषी ठहराया गया है। लाहौर की कोट लखपत जेल में जज नताशा नसीम ने बंद कमरे में सुनवाई की। उन्होंने हर दिन के आधार पर संदिग्धों की मौजूदगी में फैसले सुनाया। जज ने 9 किशोर पर फैसला नहीं सुनाया, जिनकी सुनवाई अभी बाकी है।




**पैगंबर मोहम्मद के अपमान के आरोप में की थी हत्या**

पिछले साल पाकिस्तान के सियालकोट में एक फैक्ट्री के मजदूरों ने अपने ही मैनेजर प्रियांथा कुमारा को बीच सड़क पर जिंदा जला दिया था। भीड़ ने प्रियांथा पर पैगंबर मोहम्मद के अपमान करने का आरोप लगाया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था।

## अमेरिका का दोहरा रवैया:अश्वेतों के उत्पीड़न का इतिहास बताने वाली किताबें कोर्स से बाहर, फ्लोरिडा के गवर्नर बोले- इनसे नफरत फैल रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा में दोहरा रवैया सामने आया है। फ्लोरिडा में अश्वेतों के उत्पीड़न के इतिहास को सामने लाने वाली किताबों को कोर्स से बाहर कर दिया गया है। इसकी वजह क्रिटिकल रेस थ्योरी है। इसमें नस्लवाद के शिकार अश्वेतों की स्थिति बताने वाली कहानियां किताबों में दी गई थीं। रिपब्लिकन पार्टी शासित इस राज्य में इस थ्योरी को यूनिवर्सिटीज में पढ़ाने पर रोक लग चुकी है। फ्लोरिडा में मैथेमैटिक्स के तहत सोशल इमोशनल लर्निंग की 54 किताबों को आगामी सेशन के सिलेबस से हटा दिया है। विभाग का दावा है कि पहली से 12वीं तक मैथ की 132 किताबों में से 54 में क्रिटिकल रेस थ्योरी या अन्य अनुचित विषय शामिल हैं।




**इन किताबों में अमेरिका के इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया-** फ्लोरिडा के जनप्रतिनिधियों का मानना है कि इन किताबों के जरिए अमेरिका के इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा था। अमेरिका में 1970 के दशक में सीआरटी की किताबों को स्कूली पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया। ये शुरू से ही विवादित रहा है। मैथेमैटिक्स में इस थ्योरी के लॉजिकल एस्पेक्ट्स को शामिल किया गया है।

## 'शरीफ' की नई सेना : हिना समेत 34 मंत्रियों ने ली शपथ, बिलावल भुट्टो को नहीं मिली जगह

**स्वीडन।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल के 34 सदस्यों ने कई दिन के विलंब के बाद आखिरकार मंगलवार को पद की शपथ ली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के शपथ दिलाने से इनकार करने के बाद सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजारानी ने उन्हें शपथ दिलवाई।मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ ग्रहण करनी थी, लेकिन राष्ट्रपति अल्वी के उन्हें शपथ दिलाने से इनकार करने के बाद शपथ समारोह स्थगित कर दिया गया था। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी का नाम नए मंत्रियों में शामिल नहीं है। ऐसी खबरें थीं कि वह देश के नए विदेश मंत्री होंगे।अभी 31 संघीय मंत्रियों और तीन राज्य मंत्रियों ने शपथ ली है।

शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को 13 मंत्रालय मिले हैं और नौ मंत्रालय पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को दिए गए हैं।





जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) को चार मंत्रालय सौंपे गए और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को दो मंत्रालय मिले।बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायदे (पीएमएल-क्यू) और जम्होरी वतन पार्टी (जेडब्ल्यूपी) सहित अन्य गठबंधन सहयोगियों को एक-एक मंत्रालय मिला है।

पीएमएल-एन से दो राज्य मंत्री और पीपीपी से एक राज्य मंत्री भी नियुक्त किए गए। पीपीपी के एक सदस्य और पीएमएल-एन के दो सदस्यों को प्रधानमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है। पीएमएल-एन की ओर से सांसद ख्वाजा आसिफ, अहसान इकबाल, राणा सनाउल्लाह, अयाज सादिक, राणा तनवीर, खुर्रम दस्तगीर, साद रफीक, मियां जावेद लतीफ, मियां रियाज पीरजादा, मुर्तजा जावेद अब्बासी, आजम नजीर, मरियम औरंगजेब और मिफ्ता इस्माइल को मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

पीपीपी से खुर्शीद शाह, नवीद कमर, शेरी रहमान, अब्दुल कादिर पटेल, शाजिया मारी, मुर्तजा महमूद, साजिद हुसैन तोरी, एहसान-उर-रहमान और आबिद हुसैन भी मंत्रिमंडल में जगह बनाने में कामयाब रहे। जेयूआई-एफ से असद महमूद, अब्दुल वासे, मुफ्ती अब्दुल शकूर, तलहा महमूद और एमक्यूएम-पी से सैयद अमीनुल हक और फैसल सब्ज़वारी भी मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं।

मंत्रिमंडल में बीएपी के इसरार तारिन, जेडब्ल्यूपी के शाहजैन बुगती और पीएमएल-क्यू के तारिक बशीर चीमा भी शामिल हैं।

पीएमएल-एन के आमिर मुक़म, पीपीपी के क़मर जमां कैरा और जहांगीर तारीन समूह के औन चौधरी को प्रधानमंत्री का सलाहकार बनाया गया है। आयशा घोष पाशा, अब्दुल रहमान कांजो और हिना रब्बानी खार नए मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री हैं। इन मंत्रियों के मंत्रालयों की घोषणा अभी नहीं की गई है।

## अफगानिस्तानः काबुल में हाईस्कूल के पास तीन धमाके, कई लोगों के मारे जाने की आशंका, कई घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के पश्चिमी क्षेत्र में हाईस्कूल के पास सिलसिलेवार तीन धमाके हुए हैं। इस धमाके में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। ये धमाका उस वक्त हुआ जब स्कूली बच्चे अपनी कक्षा में पढ़ाई के लिए जा रहे थे। आंतरिक मंत्रालय ने अब्दुल रहीम शहीद हाई स्कूल के पास विस्फोट की पुष्टि करते हुए कहा कि घटना की जांच शुरू हो गई है और विवरण बाद में साझा किया जाएगा।

**कई लोगों के मारे जाने की आशंका**

काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने ट्विटर पर कहा कि विस्फोट अब्दुल रहीम शाहिद हाई स्कूल में हुआ और हमारे कई शिया भाई इसमें हताहत हुए हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए अफगानिस्तान को कवर करने वाले पत्रकार एहसानुल्ला अमीरी ने ट्वीट किया कि काबुल के दश्त बारची में एक स्कूल में



आत्मघाती हमलावर ने हमला किया है। उन्होंने लिखा विस्फोट अब्दुल रहीम शाहिद स्कूल के मुख्य निकास में हुआ जहां छात्रों की भीड़ थी, एक शिक्षक ने मुझे बताया कि अचानक हमले में कई लोगों की जान जाने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से, मीडिया आउटलेट ने यह भी बताया कि काबुल के पश्चिम में मुमताज प्रशिक्षण केंद्र के पास विस्फोट एक हथगोले के कारण हुआ था।

## उत्तरी इराक में कुर्द लड़ाकों के विरुद्ध जमीनी-हवाई अभियान शुरू, ड्रोन का भी किया गया इस्तेमाल

**अंकारा।** तुर्की के रक्षामंत्री हुलुसी अकर ने तड़के घोषणा की कि तुर्की ने उत्तरी इराक में कुर्द लड़ाकों के खिलाफ एक नया जमीनी एवं हवाई अभियान शुरू किया है। इसी संदर्भ में तुर्की के विमानों और तोपों ने कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से संबंधित ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए।

मंत्रालय की वेबसाइट पर साझा वीडियो संदेश में अकर ने कहा कि इससे पहले कमांडो दल हेलीकॉप्टर के जरिये तथा जमीन से पड़ोसी देश में दाखिल हुए। इस अभियान में ड्रोन का इस्तेमाल भी किया गया। अकर ने कहा- विमानों ने पीकेके ठिकानों, बंकरों, गुफाओं, सुरंगों, गोला-बारूद डिपो और मुख्यालयों को निशाना बनाया। समूह उत्तरी इराक में ठिकानों का रखरखाव करता है और तुर्की पर हमलों के लिए इस क्षेत्र का इस्तेमाल करता है। उन्होंने बताया, ताजा अभियान उत्तरी इराक के मेटिना, जैप और अवासिन-बस्यान क्षेत्रों में उनके ठिकानों को निशाना बनाकर चलाया गया। अकर ने कहा, ÷हमने पहले चरण में तय लक्ष्य हासिल कर लिए हैं।'

**अंतिम आतंकी के खात्मे तक जारी रहेगा संघर्ष**

तुर्की के रक्षामंत्री हुलुसी अकर ने कहा, ÷हम अपने महान राष्ट्र को उस आतंक से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे हमारा देश 40 साल तक त्रस्त



रहा है। अंतिम आतंकी का खात्मा होने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।' उन्होंने जोर दिया कि इस अभियान में आतंकियों को निशाना बनाया जा रहा है और नागरिकों, सांस्कृतिक एवं धार्मिक ढांचों को नुकसान ना पहुंचे इसके लिए अधिकतम संवेदनशीलता बरती जा रही है।

## ईरान की चेतावनीः इस्राइल ने छोटा कदम भी उठाया तो भुगतना पड़ेगा अंजाम, राष्ट्रपति इब्राहिम ने कहा- हमारा निशाना होगा यहूदीवादी शासन केंद्र

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने चेतावनी दी कि यदि इस्राइल उनके देश के खिलाफ 'कोई छोटा-सा कदम' भी उठाता है, तो ईरानी सशस्त्र बल उसे निशाना बनाएंगे। उन्होंने यह बात तब कही जब ईरान की परमाणु क्षमताओं पर लगाम लगाने के लिए एक समझौते पर वार्ता रुकी हुई है।

बता दें, ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का दावा करता है।

इस्राइल यह कहते हुए समझौते का विरोध करता है कि यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम या पूरे क्षेत्र में उसकी सैन्य गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है।

इस्राइल मानता है कि ईरान समझौते पर एकतरफा कदम उठाएगा। रईसी ईरान के सशस्त्र बलों की वार्षिक परेड में एक भाषण के दौरान सीधे इस्राइल को संबोधित कर रहे थे। तेल अवीव का जिक्र करते हुए रईसी ने कहा, यदि हमारे खिलाफ कोई छोटा कदम भी उठाया गया तो हमारे सशस्त्र बलों का निशाना जायनी (यहूदीवादी) शासन का केंद्र होगा। उन्होंने कहा, हम इस्राइल के हर कदम पर बारीकी से नजर रखते हैं।



**ईरान को निशाना बनाने के लिए इस्राइल ने बढ़ाया बजट**

पिछले साल के अंत में इस्राइली मीडिया ने दावा किया था कि इस्राइल ने ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला करने की तैयारी के लिए 1.5 अरब डॉलर की फंडिंग को मंजूरी दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बजट को लड़ाकू विमान और खुफिया जानकारी एकत्र करने के साथ ही भूमिगत हथियार केंद्रों पर हमले के लिए हथियारों को बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा।

## जापान ने कोविड-19 रोधी टीके 'नोवेक्स' को दी मंजूरी

**टोक्योः** जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को औपचारिक रूप से कोविड-19 रोधी टीके 'नोवेक्स' को मंजूरी दे दी। देश में कोरोना वायरसय के स्वरूप 'ओमीक्रोन' के एक बार फिर से फैलने के खतरे के बीच यह मंजूरी दी गई है। मंत्रालय की एक विशेषज्ञ समिति ने एक दिन पहले ही 'नोवेक्स' टीके के इस्तेमाल की वकालत की थी। स्वास्थ्य मंत्री शिगेयुकी गोटो ने पत्रकारों से कहा कि 'नोवेक्स' के कई उत्पाद मौजूद हैं। साथ ही, उन्होंने उन लोगों से भी टीके लगवाने की अपील की जो 'फाइज़र' और 'मॉडर्ना' जैसे कोविड??-19 रोधी टीके लगवाने में संकोच कर रहे हैं। जापान में मई में 'नोवेक्स' के टीके उपलब्ध होंगे। जापान में 'नोवेक्स' का वितरक, 'टेकेडा फार्मास्युटिकल कम्पनी' स्थानीय स्तर पर सालाना टीके की 25 करोड़ खुराक बनाएगा। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सोमवार को कोविड-19 के 24,164 नए मामले सामने आए थे। संक्रमण के मामले कम होने पर देश में मार्च में कोविड-19 संबंधी कई प्रतिबंध हटा दिए गए थे, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि विभिन्न गतिविधियों के कारण देश में धीरे-धीरे मामले फिर बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।




## चीन में कोरोना : शंघाई में संक्रमण से सात और मरीजों की मौत, हजारों नए मामले सामने आए

**बीजिंग।** चीन की आर्थिक राजधानी और करीब दो करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले शंघाई शहर में कोरोना के चलते सात और मरीजों की मौत दर्ज की गई है। कोरोना इस नई लहर में शंघाई में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है।

यहां सख्त लॉकडाउन के बावजूद कोरोना का ओमिक्रॉन स्वरूप कहर ढा रहा है। अन्य रोगों से भी ग्रस्त तीनों मृतकों की उम्र 89 साल से 91 वर्ष दर्ज हुई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों मृतकों ने टीके की एक भी खुराक नहीं ली थी। शंघाई में चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, चीन में एक मार्च से अब तक कोविड-19 के 3.72 लाख



मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें पिछले दिन अकेले शंघाई में ही 2,417 नए मामले सामने आए हैं। शंघाई सरकार ने शहर में उत्पादन इकाईयां फिर से शुरू करने के लिए औद्योगिक उद्यमों के लिए कोविड-19 संबंधी नए दिशा-निर्देश जारी किए। यहां तीन बार व्यापक स्तर पर लोगों की जांच भी हो चुकी है।

**क्वारंटीन केंद्रों में बिगड़ रहे हालात**

सामुदायिक स्तर पर क्वारंटीन (पृथकवास) केंद्रों में रह रहे लोग यहां भयावह हालात का सामना कर रहे हैं। बेबेई (30) नामक एक महिला समेत कई लोगों ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें एक ऊंची छत वाले केंद्र में रखा गया है जहां चारपाइयों की कतारें हैं और हजारों अजनबी एक ही छत के नीचे सोते हैं। यहां लाइटें 24 घंटे जली रहती हैं और नहाने के लिए गर्म पानी तक नहीं मिल पाता है। इस केंद्र में न तो सफाई है और न मूलभूत सुविधाएं हैं।

**44 शहरों में पूर्ण या आंशिक लॉकडाउन**

निवेश बैंक नोमुरा और सीएनएन ने बताया कि चीन के 44 शहरों में पूर्ण या आंशिक लॉकडाउन लगाया गया है। देश में करोड़ों लोग घरों में कैद हैं। लोगों तक खाने-पीने का सामान भी नहीं पहुंच पा रहा है। सरकारी अधिकारी लोगों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। शंघाई में लोगों को घर छोड़ने से मना किया गया है। सोशल मीडिया में लोग घरों की खिड़कियों से चीखते देखे जा सकते हैं।

**चीनी अर्थव्यवस्था जनवरी-मार्च में कमजोर 4.8 फीसदी की दर से बढ़ी**

चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2022 की पहली तिमाही में 4.8 प्रतिशत की कमजोर दर से बढ़ी है। कोरोना के चलते शंघाई सहित प्रमुख औद्योगिक शहरों में लॉकडाउन के चलते वृद्धि के आंकड़ों में कमजोरी देखी गई। चीन की सरकार ने चालू वर्ष के दौरान 5.5 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य तय किया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) के आंकड़ों के मुताबिक देश के सकल घरेलू उत्पाद में जनवरी से मार्च के दौरान सालाना आधार पर 4.8 फीसदी की वृद्धि हुई, जो इससे पिछली तिमाही में चार फीसदी थी। प्रवक्ता फू लिंगहुई ने मानते हैं कि चीन ने लगातार सुधार के साथ स्थिर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में कुछ दबाव देखने को मिल रहा है और प्रमुख संकेतकों में धीमी वृद्धि देखी गई है।

## नेपाल : ऊंचाई पर मंदिर जाते वक्त 60 वर्षीय भारतीय की मौत

**काठमांडू।** मध्य नेपाल में ऊंचाई पर स्थित मुक्तिनाथ मंदिर जाते हुए 60 वर्षीय एक भारतीय तीर्थयात्री की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गंडकी प्रांत स्थित मुक्तिनाथ मंदिर की सीढ़ियां चढ़ने के दौरान मुथैया यमसानी ऊंचाई से संबंधित बीमारी (हाई ऑल्टीट्यूड सिकनेस) के कारण अचानक बेहोश हो गए। मुक्तिनाथ मंदिर दुनिया में सबसे ऊंचाई पर स्थित मंदिरों (3,800 मीटर) में से एक है। जानकारी के मुताबिक, यमसानी को अस्पताल ले जाया जा रहा था उसी दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**प्रीति पटेल ने नई प्रवासी नीति के आलोचकों पर पलटवार किया**

ब्रिटिश गृहमंत्री प्रीति पटेल ने उन आलोचकों पर पलटवार किया जिन्होंने देश की उस नई आव्रजन नीति पर चिंता जताई, जिसके तहत अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजा जाएगा। पटेल ने 'द टाइम्स' में रवांडा के विदेश मंत्री विंसेंट बिरुटा के साथ एक साझा लेख में लिखा, हम साहसिक और अभिनव कदम उठा रहे हैं तथा यह आश्चर्यजनक है कि जो संस्थान योजनाओं की आलोचना करते हैं, वे अपने समाधान पेश करने में विफल रहते हैं। उन्होंने कहा, इस पीड़ा को जारी रहने देना अब किसी भी मानवीय राष्ट्र के लिए कोई विकल्प नहीं है। पटेल और बिरुटा ने कहा, रवांडा दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक है और वह पहले ही कई देशों के 1.30 लाख शरणार्थियों को समायोजित कर चुका है।

फिनलैंड में आसपास के क्षेत्र में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से पायलट की मौत हो गई। मध्य फिनलैंड के राहत व बचाव सेवाओं ने बताया कि एक छोटा विमान ज्वास्किला के टिक्काकोस्की हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान का पायलट मृत पाया गया। बचाव दल के मुताबिक, आपातकालीन अधिकारियों को रविवार देर रात विमान में गड़बड़ी के संकेत मिले। विमान में पायलट के अलावा कोई भी सवार नहीं था। मामले की जांच की जा रही है। यमन के राष्ट्रपति अब्दराबुह मंसूर हादी ने सऊदी अरब के दबाव में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और वह अब नजरबंद हैं। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह जानकारी देते हुए अफसरों के हवाले से बताया, सऊदी क्राउन प्रिंस ने इस बाबत रियाद वार्ता में हादी को लिखित आदेश दिया था। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने हादी को लिखित आदेश में राष्ट्रपति परिषद की शक्तियों का इस्तेमाल करने के लिए प्रतिनिधिमंडल प्रावधान का जिक्र भी किया। अखबार के मुताबिक, सऊदी अरब अधिकारियों ने हादी पर पद छोड़ने के लिए दबाव डाला और उनकी कथित भ्रष्ट गतिविधियों के सुबूत जारी करने की धमकी भी दी।

## जापान ने यूक्रेन की मदद को बढ़ाया हाथ, भेजेगा गैस मास्क- हैजमैट सूट और ड्रोन

**टोक्योः** रूसी सेना द्वारा रासायनिक हथियार के इस्तेमाल की बढ़ती चिंताओं के बीच जापान ने यूक्रेन की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। जापान संकटग्रस्त देश जापान को गैस मास्क, हैज़मैट सूट (हैजर्डस मैटिरियल यानी खतरनाक सामग्री से बचाव करने वाला सूट) और ड्रोन भेजेगा। जापान के रक्षा मंत्री नोबुओ किशि ने मंगलवार को बताया कि जापान यूक्रेन सरकार के अनुरोध पर रसायन रोधी आयुध उपकरण भेज रहा है। जापान ने यूक्रेन को पिछले महीने बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट और अन्य गैर घातक हथियार उपकरण भेजे थे। जापान अन्य देशों को हथियार निर्यात नहीं करता है, लेकिन उसने यह कहकर यूक्रेन को छूट दी कि उस पर



हमला किया गया है। यह खेप भेजे जाने के कारण जापान में विवाद खड़ा हो गया है, जिसका शांतिवादी संविधान युद्ध से दूर रहने की बात करता है।

किशि ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करना और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाले रूस के हमले के खिलाफ कड़ा कदम उठाना, हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी बहुत महत्वपूर्ण है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506